Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 152 | बुधवार, 04 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को धूल चटाई

# आरसीबी बनी चैम्पियन




आरसीबी की शुरूआत रही खराब

आखिरी ओवर में गिरे तीन विकेट



**नई दिल्ली।**

अहमदाबाद के नरेंन्द्र मोदी स्टेडियम में मंगलवार को आईपीएल फाइनल में इतिहास रचा गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल में पहली बार आईपीएल खिताब जीता। पंजाब किंग्स को फाइनल में आरसीबी ने 6 रन से हराया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने तेज शुरूआत की। पहले विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद हेजलवुड ने प्रियांश आर्य (24) को आउट कर पहला झटका दिया। 79 के स्कोर पर प्रभसिमरन आउट हुए। कप्तान श्रेयस अय्यर मात्र एक रन बनाकर आउट हुए।

क्रुणाल पांड्या ने 4 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने सेट बल्लेबाज जोश इंगलिस (39) को आउट कर मैच में वापस लगा दिया। इसके बाद 17वें ओवर में दो विकेट लेकर पंजाब की हार में आखिरी कील ठोक दी। पंजाब किंग्स 20 ओवर में 7 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। पंजाब किंग्स के लिए जोश इंगलिस के बाद शशांक सिंह ने अंत कमाल की लड़ाई लड़ी। शशांक सिंह ने 30 गेंद पर नाबाद 61 रन की पारी खेली। इस दौरान तीन चौके और 6 छक्के लगाए। उन्होंने अंत तक पंजाब किंग्स की उम्मीद को जिंदा रखा। फाइनल मुकाबले में पंजाब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। काइल जैमीसन (3/48) और अर्शदीप सिंह (3/40) की अगुआई में पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फउइ) को 190 रन पर रोक दिया। अर्शदीप ने पारी के अंतिम ओवर में कमाल की गेंदबाजी करते हुए केवल तीन रन दिए और तीन विकेट चटकाए।

**18 साल का सूखा खत्म**

आईपीएल के 18 साल के करियर में चौथी बार फाइनल खेल रहे विराट कोहली ने सर्वाधिक 43 रन बनाए, लेकिन उन्होंने धीमी बल्लेबाजी की। कोहली ने पहले नौ ओवर में केवल एक चौका लगाया और उन्होंने 18 डाट गेंद खेलीं। आरसीबी और पंजाब दोनों ही पहली बार ट्रॉफी जीतने उतरी हैं। पंजाब ने 11 साल बाद तो आरसीबी ने 9 साल बाद फाइनल में जगह बनाई है।

बेंगलुरु की टीम ने बड़ा स्कोर खड़ा करने के मौके को गंवा दिया। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों ने एक के बाद एक विकेट गंवाए और कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। फिल साल्ट (16) और विराट ने टीम को सधी शुरूआत दिलाई, लेकिन दूसरे ही ओवर में जैमीसन ने साल्ट को आउट कर आरसीबी को पहला झटका दिया। इसके बाद कोहली ने मयंक अग्रवाल (24) के साथ पारी को आगे बढ़ाया और टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। पावरप्ले तक आरसीबी की टीम 55 रन बना लिए थे। इसके बाद श्रेयस ने गेंद अपने सबसे भरोसेमंद गेंदबाज चहल को सौंपी और चहल ने अपने कप्तान का निराश नहीं किया। दूसरी ही गेंद पर उन्होंने मयंक को फंसाया और स्लाग स्वीप के चक्कर में वह डीप में अर्शदीप को कैच दे बैठे। चहल ने आईपीएल में सातवीं बार मयंक को आउट किया। दूसरा विकेट गिरने के बाद आरसीबी की रनों की गति थोड़ी धीमी हुई। विराट कोहली ने एक बार फिर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन उनका योगदान महज 43 रन रहा, वो भी 35 गेंद में 122.85 के स्ट्राइक रेट से। उनकी पारी में सिर्फ तीन चौके लगे, जिनमें से दो नौ ओवर के बाद आए। टीम छह से 11 ओवर के बीच सिर्फ 42 रन ही जोड़ सकी। रजत पाटीदार (26) और लियाम लिविंगस्टन (25) भी अपनी अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। जैमीसन ने बेहतरीन लेंथ और विविधता से आरसीबी के बल्लेबाजों को बांधे रखा।

जैमीसन के आंकड़े 17वें ओवर में थोड़ा बिगड़े जब जितेश शर्मा (24) व लिविंगस्टन ने मिलकर 23 रन बटोरे। जैमीसन ने तुरंत वापसी करते हुए लिविंगस्टन को फुल टॉस पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। पहले तीन ओवर में 37 रन लुटाने के बाद भारत के स्टार गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में शानदार वापसी करते हुए क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड के विकेट झटके।

## पाकिस्तान में अल्पसंख्यक नहीं सुरक्षित



**कराची।**

पाकिस्तान में हिंदुओं पर अत्याचार का एक नया मामला सामने आया है। एक मामूली सड़क हादसे में हिंदू भाई-बहन के साथ बेहरमी से मारपीट गई। कराची के एक मीडिया उद्यमी और उसके सशस्त्र बॉडीगार्डों ने उन पर हमला किया और मारपीट की। हालांकि इस घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद इंटरनेट मीडिया पर लोगों के आक्रोश के चलते उद्यमी को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, युवक की बर्बर पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद सलमान फारूक और उसके सहयोगियों को सोमवार रात कराची में गिरफ्तार किया गया। प्राथमिकी के मुताबिक, यह घटना रविवार को डिफेंस सोसाइटी इत्तेहाद क्षेत्र में हुई। सुधीर धुन राज अपनी बहन कल्पना को लेने गए थे, जो एक ब्यूटी पार्लर में काम करती हैं। उन्हें लेने के बाद वह अपने छोटे भाई को लेने के लिए जा रहे थे तभी उनकी मोटरसाइकिल फारूक की कार से टकरा गई। फारूक और उसके सशस्त्र सहयोगियों ने राज को बुरी तरह पीटा फारूक और उसके सशस्त्र सहयोगियों ने राज को बुरी तरह पीटा। जबकि राज माफी मांगते रहे और कल्पना दया की गुहार लगाती रही।

**कराची में मामूली सड़क हादसे में हिंदू भाई-बहन पर हमला**

## ऑपरेशन सिंदूर में भारत से बुरी तरह पिटने के बाद रूस पहुंचा पाकिस्तान, पुतिन को सौंपा शहबाज का पत्र

**मॉस्को।**

ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों बुरी तरह पिटने के बाद अब पाकिस्तान प्रतिनिधिमंडल रूस पहुंचा है। मंगलवार को मॉस्को में पाकिस्तान के एक प्रतिनिधिमंडल ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का एक पत्र सौंपा। उनकी यात्रा द्रमुक सांसद कनिमोरी करुणानिधि के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के बेहद सफल दौरे के कुछ दिनों बाद हुई, जिन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के बारे में जागरूकता फैलाई और आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो-टालरेंस नीति के लिए ठोस रूसी समर्थन हासिल किया। रूसी विदेश मंत्रालय के हवाले से समाचार एजेंसी ने बताया कि लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास बनाने के लिए पाकिस्तान और भारत के बीच सीधी बातचीत की जरूरत है। फातमी ने प्रधानमंत्री की शुभकामनाएं भी दीं और ऊर्जा, परिवहन संपर्क, व्यापार और अन्य क्षेत्रों सहित कई मुद्दों पर रूस के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की अपने देश की इच्छा भी जताई। पाकिस्तान ने पिछले महीने भारत के साथ चार दिवसीय संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने और संघर्ष के बारे में अपना दृष्टिकोण उजागर करने के लिए विदेशों में विशेषज्ञों की एक टीम भेजने की घोषणा की थी।



## मणिपुर के राज्यपाल से मिले केंद्रीय गृह सचिव

**इंफाल।**

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने, विस्थापित लोगों के लिए राहत उपायों तथा राज्य में समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की। बैठक में खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, मणिपुर के मुख्य सचिव, राज्य सरकार के सुरक्षा सलाहकार और कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक के दौरान पहाड़ी और घाटी दोनों क्षेत्रों में विस्थापित लोगों के लिए चल रहे राहत उपायों की समीक्षा की गई।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ''बैठक में राज्य से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिए राहत और पुनर्वास प्रयास, सीमा पर बाड़ लगाना और समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति शामिल है।''

## 'चुनाव पैसे से नहीं, मेहनत से जीता जाता है': पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**

पांच महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के पार्टी कार्यकताओं को जीत का मंत्र दे दिया। उन्होंने कार्यकताओं को विधानसभा सीट को भूल कर सिर्फ बूथ जीतने पर फोकस करने को कहा और बूथ को कैसे मजबूत किया जाए इसका तरीका भी समझा दिया। 29 मई को प्रधानमंत्री सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तरप्रदेश में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था। लेकिन इतने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उन्होंने पटना में पार्टी के कार्यकताओं और विधायकों से मिलने का मौका निकाल लिया और उनसे सहज और अनौपचारिक बातचीत की। हंसी-खुशी के माहौल में उन्होंने कार्यकताओं कांग्रेस के पतन के कारणों पर चर्चा की और उससे सीखने की सलाह दी। खासकर विधायकों ने बताया कि वंशवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, नेतृत्वहीनता, जनसंपर्क की कमी, युवाओं से दूरी और संगठन की समाप्ति कांग्रेस के पतन की असली वजह है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के पतन की इस संस्कृति से भाजपा को दूर रखने की हिदायत और राजनीति में धर्य के महत्व को रेखांकित किया। कार्यकताओं को बूथ को मजबूत करने का बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हर समाज, हर मोहल्ले से संपर्क और हर योजना के लाभार्थियों की जानकारी रखने को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर राजग सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों की पूरी जानकारी होनी चाहिए।

**विधानसभा चुनाव 2025**



## संपादक की कलम से

# एआई ड्रोन जंगी अस्त्र

यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। यूक्रेन ने ऐसा घातक पलटवार कैसे किया, उसके ब्यौरे सामने आ चुके हैं। रूस की टीमें जांच-पड़ताल करने में जुटी हैं कि यूक्रेन के फर्स्ट पर्सन व्यू (एफपीवी) ड्रोन एयरबेसों तक कैसे पहुंचे और किसी को भी भनक तक नहीं लगी। रूस सोया रह गया और उसका पूरा तंत्र नाकाम रहा। रूस को करीब 60,000 करोड़ रुपए का नुकसान आंका जा रहा है। कुछ और आंकड़ों का भी विश्लेषण सामने आया है। रूस को अकल्पनीय, अप्रत्याशित नुकसान हुआ है, लेकिन वह अब भी महाशक्ति है और यूक्रेन पर इससे भी घातक और संहारक हमला करने की योजना बनाई जा रही है। अब राजधानी कीव भी राष्ट्रपति पुतिन के निशाने पर है। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को एआई एलगोरिथ्म पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एलगोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निदेशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें मिट्टी-मलबा बना दिया। यूक्रेन के इस ऑपरेशन मकडजाल ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरूआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को पर्ल हॉर्बर हमले के बराबर माना जा रहा है। अमरीका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमरीका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमरीका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़ जाएंगे। यूक्रेन के इस हमले में भारत के लिए भी कुछ सबक निहित हैं। भारत ने अपने लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, एयरट्रांसपोर्ट में दशकों तक रणनीतिक प्रयास किए हैं, लेकिन ऑपरेशन मकडजाल एक महत्वपूर्ण पुष्टि करता है कि वायु-शक्ति का भविष्य मानवरहित, एआई संचालित और लंबी दूरी का होगा। भारत ने उस दिशा में शुरूआती कदम उठाए हैं।



ललित शर्मा
संपादक



## लक्ष्मीनारायण सेन

### शहीद के परिवार के पीरा

कविता

धरती

बनेव गवाही लड़ाई के, सुनावत हों परिणाम।
सनाए हो मैं हा खून मा, रात दिन अउ शाम।।

बाई

फूटगे हाथ के चुरी, मिटागे मांग के सिंदूर।
रोवत कल्पत बाई, होववत आंखी ले दूर।।

दाई दद्दा

नवत टूटत हे कनिहा, अटकत हे मोर सांस।
यहा बूढ़ापा मा मोला, अब कोन दिही साथ।।

बहिनी

कोन ला बांध हूं मैं, काकर हाथ मा राखी।
नानपन मोर मया के, कोन बनही अब साखी।।

संगवारी

खेलेन संग कूदेन, थारी मा संग खायेन खाना।
घुमेन फिरेन बोलेन, कइशे अकेला तोर जाना।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कर्नाटक की यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग, आप भी जरूर करें एक्सप्लोर



कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।

दक्षिण भारत देश का खूबसूरत और प्रमुख हिस्सा माना जाता है। दक्षिण भारत में कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जिसको पर्यटन का मुख्य केंद्र माना जाता है। यह एक ऐसा राज्य है, जहां पर हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक घूमने और मौज-मस्ती के लिए आते हैं। कर्नाटक में गोकर्ण, कूर्ग, बेंगलुरु, हम्पी और मैसूर जैसी फेमस जगहों पर घूमने के लिए सबसे ज्यादा संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। हालांकि इन जगहों की खूबसूरती पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है, लेकिन कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अंगुबे की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आपको जरूर एक्सप्लोर करना **चाहिए।**

**अंगुबे:** बता दें कि यह खूबसूरत और मनमोहक हिल स्टेशन कर्नाटक के शिमोगा जिले में पड़ता है। अंगुबे को एक बेहद खूबसूरत गांव के साथ ही यहां का शानदार और छिपा हुआ खजाना भी माना जाता है। अगुंबे कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से करीब 345 किमी दूर स्थित है। वहीं यह उडुपी से करीब 60 किमी दूर, मंगलूरू से 100 किमी और कर्नाटक के चिकमंगलूर से करीब 112 किमी की दूरी पर मौजूद है।

**अंगुबे की खासियत:** अंगुबे में ऐसी अनगिनत खासियत है, जो पर्टयकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर स्थित अंगुबे को कर्नाटक का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। वहीं यह कर्नाटक का सबसे हसीन और खूबसूरत हिल स्टेशन्स में से एक माना जाता है। अंगुबे न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। इसलिए इसको प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत भी माना जाता है। अंगुबे को कर्नाटक का चेरापूंजी भी कहा जाता है। क्योंकि यहां पर खूब बारिश होती है। इस हिल स्टेशन की खूबसूरती के आगे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी फीके लगते हैं।

**जानिए क्यों है खास:** सैलानियों के लिए अंगुबे बेहद ही खास और अद्भुत पर्यटन स्थल है। यह जगह उन लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो प्रकृति से प्रेम करते हैं। यह अपने शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। अंगुबे हिल स्टेशन न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि एडवेंचर के लिए भी जाना जाता है। कई पर्यटक यहां पर हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर स्थित सबसे ऊंची बिंदू से फोटोग्राफी करना हर किसी का सपना होता है।

**अगुंबे सनसेट पॉइंट:** जब भी अंगुबे में किसी शानदार जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले अंगुबे सनसेट पॉइंट की बात होती है। यह सबसे लोकप्रिय पॉइंट है, जहां से पूरे शहर का खूबसूरत नजारा दिखाई देता है। वहीं यहां से सनसेट और सनराइज का नजारा काफी मनमोहक होता है।

**जोगीगुंडी फॉल्स:** अंगुबे में स्थित यह जगह जोगीगुंडी फॉल्स बेहद शानदार और अद्भुत खजाने से कम नहीं है। हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटकों को यह खूबसूरत वॉटरफॉल आकर्षित करता है। इस वॉटरफॉल के आसपास काफी हरियाली है। बताया जाता है कि इसका पानी एक गुफा से निकलता है और मानसून का समय यहां पर घूमने के लिए सबसे बेस्ट है।

# वैश्विक स्तरपर अब मिलिट्री संघर्ष का आधार ड्रोन वार होनें की संभावना-यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब से दुनिया सतर्क

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में गुटबाजी युद्ध के दौर में नई- नई हैरत अंगेज युद्ध रणनीतियों को देखकर अपने आपको पूर्ण विकसित देशों की श्रेणी में रखने वाले देश भी आज दांतों तले उंगली दबा रहे हैं कि ऑपरेशन स्पाइडर वेब (मकड़ी का जाल) को आखिर अपने अंजाम तक पहुंचनें में रूस जैसा पूर्ण विकसित देश अपनी सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे कर सकता है कि 117 ड्रोन रूस की सीमा में करीब 4000 किलोमीटर से अधिक तक अंदर में घुसकर पांच हवाई ठिकानों के 41 बमबर्स जेट तबाह कर सकता है, मेरे जैसा सामान्य आदमी तो यह बात सपने में भी नहीं सोच सकता, इसकी तुलना अब 1941 के पर्ल हार्बर अटैक से की जा रही है ।यूक्रेन के ड्रोन अटैक को पर्ल हार्बर अटैक से जोड़ा जा रहा है। इस हमले में जिस तरह यूक्रेन ने रूस को चौंकाया है, उसी तरह से 1941 में जापान ने अमेरिका को अपने हमले से चौंकाया था। दिसंबर, 1941 को जापान ने पर्ल हार्बर में एक आश्चर्यजनक हवाई हमला करते हुए अमेरिकी नौसैनिक अड्डे को तबाह किया था।इस हमले में 2,403 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। पर्ल हार्बर हमले को अमेरिका के द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल होने की वजह माना जाता है। हालांकि ऑपरेशन स्पाइडर वेब के पीछे बड़ीताकतों का हाथ होगा परंतु यहां सवाल यह है खड़ा होता है कि यह 117 ड्रोन ऑपरेटर सहित रूस के 4000 किलोमीटर अंदर तक घुसने और पांच हवाई ठिकानों के पास पहुंचकर रिमोट से 41 बॉम्बर्स जेट्स को उड़ा दिया व रूस को पता ही नहीं चला। बता दें रिमोट का उपयोग ड्रोन के 20 किलोमीटर के दायरे से किया जा सकता है जो रूस की भारी सुरक्षा चूक का नतीजा हो सकता है, जिसका पूरी दुनियाँ को स्वतः संज्ञान लेकर, सीमा सुरक्षा को चाक चौबंद करना जरूरी हो गया है। चूँकि अब वैश्विक स्तरपर मिलिट्री संघर्ष का आधार ड्रोन वार हो सकता है, यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब से दुनियाँ सतर्क हो गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यूक्रेन ने रूस के घर में 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर ऑपरेशन स्पाइडर वेब को सफल अंजाम देने से पूरा विश्व हैरान, 18 महीनों का प्लान, 117 ड्रोन से 41 बॉमर्स जेट तबाह !

साथियों बात अगर हम दिनांक 1 जून 2025 को यूक्रेन द्वारा रूस के घर में 4 हजार किलोमीटर अंदर घुसकर ऑपरेशन स्पाइडर वेब के क्रियान्वयन को समझने की करें तो, रविवार को रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी जंग में एक नया मोड़ आया, जिस यूक्रेन के बारे में सब कहते थे कि वह अमेरिका से मिले हथियारों के दम पर जंग लड़ रहा है, उसने 'ऑपरेशन स्पाइडर वेब' के साथ ही सबका मुंह बंद कर दिया ।यूक्रेन के ड्रोन ने दुश्मन के घर में घुसकर उसके 40 बॉम्बर्स जेट्स पूरी तरह से खत्म कर दिए है, मीडिया न्यूज की मानें तो यूक्रेन ने इस 'पर्लहार्बर' मोमेंट के साथ ही रूस को दो अरब डॉलर से भी ज्यादा की चोट पहुंचाई है, यूक्रेन का यह ड्रोन हमला भारत की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्रवाई अभियान ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही हफ्तों बाद हुआ है, ऐसे में भारत भी इससे बड़े सबक सीख सकता है क्योंकि अब जंग का मैदान तेजी से हर पल बदल रहा है ।यूक्रेन ने रूस के चार बड़े एयरबेस पर ड्रोन अटैक किए थे, जिसमें पहला था ओलेन्या एयरबेस जो यूक्रेन की सीमा से 1800 किलोमीटर दूर मौजूद है, दूसराहै इवानावो एयरबेस, यूक्रेन की सीमा से इस टारगेट की दूरी 1 हजार किलोमीटर है, टारगेट किए गए तीसरे एयरबेस का नाम है डिगिलेव जो यूक्रेनी बॉर्डर से 500 किलोमीटर दूर मौजूद है और चौथे एयरबेस का नाम है बेलाया, जो यूक्रेनी बॉर्डर से चार हजार तीन सौ किलोमीटर दूर है। पिछले तीन सालों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में सैकड़ों मौकों पर ड्रोंस का इस्तेमाल किया गया है लेकिन ये पहली बार था जब कोई ड्रोन 4 हजार किलोमीटर दूर तक चला गया हो।



गोंदिया

अब सवाल उठ रहा है कि यूक्रेन के ड्रोन 4 हजार किलोमीटर दूर चले गए और रूस के एयर डिफेंस या राडार को खबर भी नहीं लगा ऐसा कैसे संभव है

साथियों बात अगर हम ऑपरेटरों सहित 117 ड्रोन को 4000 किलोमीटर अंदर तस्करी से रूस में पहुंचने को समझने की करें तो, कैसे दिया गया ऑपरेशन को अंजाम, यूक्रेनी राष्ट्रपति ने मीडिया बताया है कि इस ऑपरेशन में इस्तेमाल किए गए 117 ड्रोन के साथ ड्रोन ऑपरेटरों की समान संख्या शामिल थी। यूक्रेन ने रूस में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए सीधे ड्रोन लॉन्च करने के बजाय एक अलग और बेहद नया तरीका अपनाया। विस्फोटकों से भरे यूक्रेनी ड्रोन्स को लकड़ी के ढांचे के अंदर छिपाकर रूस में तस्करी के जरिए पहुंचाया गया, इन लकड़ी के ढांचे को ट्रकों पर लादा गया था, जो एयरबेस के पास तक पहुंचाए गए ।यूक्रेनी सुरक्षा सूत्र के अनुसार, ये ट्रक टागरेटिड एयरबेस के पास तक पहुंचने के बाद आगे की कार्रवाई की गई। इन ड्रोन के अपने टारगेट पर पहुंचने के बाद लकड़ी के ढांचे की छतें दूर से खोली गईं। इसके बाद ड्रोन ने उड़ान भरी और हमला शुरू कर दिया। ऑपरेशन के सबसे दिलचस्प हिस्से को साझा करते हुए जेलेंस्की ने मीडिया में कहा कि रूसी क्षेत्र पर यूक्रेन के ऑपरेशन का संचालन करने के लिए ऑफिश एफएसबी के मुख्यालय के ठीक बगल में बनाया गया ।क्यों हो रही है पर्ल हार्बर से तुलना, यूक्रेन ने कहा है कि उसके ड्रोन हमलों में रूस के 41 विमानों को नुकसान पहुंचा है। रूस के न्यूक्लियर कैपेबल टीयू-95, टीयू-22 बमवर्षक और ए-50 विमान इस हमले में तबाह हुए हैं। यूक्रेन का कहना है कि इन विमानों का इस्तेमाल उसकी जमीन पर बमबारी करने के लिए किया गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने माना है कि यूक्रेन के ड्रोन हमलों में मुरमांस्क, इरकुत्स्क, इवानोवोरियाजान और अमूर एयरबेस को निशाना बनाया गया है।

साथियों बात अगर हम ड्रोन वार भविष्य की हकीकत की करें तो, ड्रोन वॉर-ड्रोन वॉर आने वाले समय में मिलिट्री संघर्ष का आधार होने वाले हैं, ड्रोन तेजी से मुख्य बल बनने की तरफ बढ़ चुके हैं, यूक्रेन का स्पाइडर वेब हमला इस बात का उदाहरण है कि यूएवी या अनमैन्ड ड्रोन कोई नई चीज नहीं हैं बल्कि आने वाले समय में युद्धों लड़ने के तरीके का आधार हैं, माना जाने लगा है कि सेना, दुश्मन के इलाके में गहराई तक जा सकती है और जेट को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है, सबसे बड़ी बात है कि एक भी पायलट का जीवन जरा भी खतरे में नहीं आ सकता है। इसलिए ड्रोन सिस्टम की तरफ बढ़ना चाहिए, भारत ने अपने लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर्स और एयरट्रांसपोर्ट में दशकों तक रणनीतिक प्रयास किएहैं, लेकिन स्पाइडर वेब एक महत्वपूर्ण बात की पुष्टि करता है, वायु शक्ति का भविष्य मानव रहित, एआई- ऑपरेटेड और लंबी दूरी का होने वाला है, भारत ने उस दिशा में शुरूआती कदम उठाए हैं, लेकिन अभी तक वह स्पीड नहीं पकड़ सका है जिसकी अपेक्षा की गई थी। यूक्रेन के ऑपरेशन से भारत को स्वदेशी ड्रोन, आर्म्ड यूएवी और ऑटोनमी बेस्ड हथियार सिस्टम पर कहीं ज्यादा आक्रामक तरीके से आगे बढ़ना चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पर्यावरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि यूक्रेन ने रूस के घर में 4 हजार कि:मी अंदर घुसकर ऑपरेशन स्पाइडर वेब (मकड़ी का जाल) को सफल अंजाम देने से पूरा विश्व हैरान-18 महीनों का प्लान 117 ड्रोन, 41 बम्बर्स जेट तबाह, वैश्विक स्तरपर अब मिलिट्री संघर्ष का आधार ड्रोन वार होनें की संभावना-यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब से दुनिया सतर्क, यूक्रेन द्वारा रूस में 4 हजार कि:मी अंदर तस्करी से घुसकर 117 ड्रोन ऑपरेटर सहित एयरबेसो के पास पहुंच जाकर 41 बमबर्स जेट को उड़ाया भारी सुरक्षा चूक -विश्व को हाई अलर्ट पर सुरक्षा संज्ञान लेना जरूरी।

# फर्जी रिश्तों का व्यापार: शादी नहीं, ठगी का धंधा



प्रियंका सौरभ

भारत में शादियों को लेकर एक सांस्कृतिक उत्सव, पारिवारिक प्रतिष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव की भावना जुड़ी होती है। लेकिन जब इस पवित्र रिश्ते को ठगों का व्यवसाय बना दिया जाए, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास की हत्या होती है। हरियाणा के हिसार से सामने आया ताजा मामला इसी सामाजिक बीमारी की खतरनाक तस्वीर पेश करता है – जहाँ दुल्हन, उसके माता-पिता और पूरा रिश्ता ही नकली निकला। यह घटना सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है: ₹अब भी नहीं चेते तो हर घर को अपनी आबरू खुद बचानी होगी। हिसार पुलिस ने हाल ही में ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया है जो विवाह के नाम पर लोगों को ठगने का सुनियोजित कारोबार चला रहा था। आरोपी पहले से कई फर्जी शादियाँ कर चुका था। इस बार, न केवल दुल्हन नकली थी, बल्कि उसके माता-पिता भी फर्जी निकले। एक भोला-भाला युवक, जो जीवनसाथी की तलाश में था, शादी के सपने लिए इस जाल में फँस गया और लौटे तो खाली जेब, टूटी उम्मीदें और गहरी मानसिक चोट के साथ। सोचिए, जब किसी के जीवन की सबसे बड़ी खुशी को शातिर गिरोह पैसे कमाने का साधन बना लें, तब कानून और समाज की जिम्मेदारी क्या बनती है?

**आंकड़ों की चिंता से ज्यादा जरूरत जागरूकता की:** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (ठउफइ) के अनुसार, हर साल भारत में हजारों लोग विवाह के नाम पर ठगी का शिकार होते हैं। 2023 में ही देशभर में लगभग 3200 से अधिक फर्जी विवाह और उनसे जुड़ी ठगी की शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से अधिकांश में महिला और उसके तथाकथित परिजनों ने विवाह के बाद धन, जेवर और नकद लेकर फरार होने की योजना पहले से बनाई होती है। इस बढ़ती प्रवृत्ति का सबसे दुखद पहलू यह है कि ऐसे अपराधों में शामिल महिलाएं न केवल कानून का मजाक उड़ाती हैं, बल्कि असल में शोषित और जरूरतमंद महिलाओं की आवाज को भी कमजोर करती हैं।

**कानून की कमजोरी या सिस्टम की सुस्ती ?:** ऐसे मामलों में सबसे बड़ा सवाल उठता है: क्या हमारा कानूनी सिस्टम इतना सुस्त है कि शादी जैसे गंभीर और सामाजिक तौर पर महत्वपूर्ण विषय में भी फजीर्वाड़ा बेरोकटोक जारी रह सके? विवाह पंजीकरण प्रणाली को यदि सख्त और डिजिटल तरीके से लागू किया जाए, तो ऐसे 90 प्रतिशत मामलों को शुरूआती स्तर पर ही रोका जा सकता है।

इसके लिए जरूरी है:

1. आधार वेरिफिकेशन से जुड़ा विवाह पंजीकरण: हर शादी का डिजिटल दस्तावेजीकरण और पहचान सत्यापन अनिवार्य किया जाए।

2. शादी ब्यूरो और मैरिज एजेंटों की निगरानी: जिन संस्थानों के माध्यम से रिश्ता तय हो, उनकी पृष्ठभूमि की जांच और पंजीकरण जरूरी बनाया जाए।

3. फजीर्वाड़ा रोकने के लिए विशेष अदालतें: ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएँ ताकि पीड़ितों को न्याय जल्दी मिले।

**समाज की भोली सोच और अंधा भरोसा:** कई बार ऐसे मामलों में लोग यह सोचकर धोखा खा जाते हैं कि रिश्ता तय करने वाले लोग परिचित हैं या समाज के जानकार। रिश्तों के नाम पर प्रस्ताव भेजना, फिर थोड़ा दिखावा, एक-दो मुलाकातें, और शादी का दबाव – यही ट्रेंड बन चुका है।

**फिर आती है समाज की सबसे बड़ी विडंबना:** लड़की के परिवार को कम सवाल पूछे जाते हैं, जबकि लड़के के घरवालों से लाख शर्तें मानी जाती हैं। यह असंतुलन भी ठगों के लिए रास्ता आसान करता है।

**महिलाओं की छवि पर भी असर:** फर्जी दुल्हन गिरोह की खबरें समाज में महिलाओं को शक की निगाह से देखने की प्रवृत्ति को और बढ़ावा देती हैं। यह न केवल महिलाओं के अधिकारों के लिए खतरनाक है, बल्कि असल पीड़ितों को भी न्याय से वंचित करता है। जब कोई महिला सही नियत से रिश्ता बनाना चाहती है, तब समाज का यह अविश्वास उसे शर्मिंदगी और मानसिक पीड़ा देता है।

ऐसे में जरूरी है कि कानून ऐसे फजीर्वाड़ों को जड़ से खत्म करे, ताकि महिलाओं के प्रति समाज का विश्वास भी सुरक्षित रह सके।

**मीडिया की जिम्मेदारी और भूमिका:** आजकल मीडिया भी ऐसे मामलों को सनसनीखेज बनाकर परोसता है। दुल्हन फरार, फर्जी सास-ससुर, लुटेरा परिवार जैसे शीर्षक बिकते हैं, लेकिन इससे आगे की पड़ताल – जैसे कि ठगों के नेटवर्क, एजेंटों की भूमिका, और पुलिस की निष्क्रियता – अक्सर छूट जाती है। मीडिया को चाहिए कि वह समाज को जागरूक करे, न कि सिर्फ मजाक उड़ाए या ळफढ के लिए खबरों को मसालेदार बनाए। यह पत्रकारिता की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह लोगों को जानकारी दे, चेतावनी दे और सही कदम उठाने की दिशा दिखाए।

**पीड़ितों को शर्म नहीं, समर्थन चाहिए:** सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब पैदा होती है जब ठगी के शिकार हुए लोग समाज में मजाक बन जाते हैं। पीड़ित लड़का या उसका परिवार जब पुलिस के पास जाता है, तो अक्सर तू ही बेवकूफ है, थोड़ा देख-परख लिया होता, लड़की की फोटो में ही शक था जैसे ताने सुनने को मिलते हैं। ऐसी सोच को बदलना होगा। पीड़ितों को मदद, काउंसलिंग और कानूनी समर्थन चाहिए, न कि समाज से दुत्कार। अगर समाज पीड़ित के साथ खड़ा हो, तो अपराधियों की हिम्मत नहीं होगी दोबारा किसी के साथ ऐसा छल करने की।

**ठगी की नई तकनीकें, पर पुलिस की पुरानी आदतें:** आजकल ठग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं – फर्जी दस्तावेज, फर्जी पहचान, और यहां तक कि ऊीस्त्राी वीडियो और नकली सोशल मीडिया प्रोफाइल्स भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। लेकिन पुलिस अब भी पुराने तरीके अपनाकर जांच करती है – थाने बुलाना, पूछताछ करना, कुछ दिन बाद आना। जब तक पुलिस साइबर अपराध की आधुनिक तकनीकों से लैस नहीं होगी, तब तक ये अपराधी आगे निकलते रहेंगे।

# ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगल के पुनीत पर्व पर सन्त भीखादास जी की तपोस्थली पर हुआ विशाल भण्डारे का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**अमानीगंज अयोध्या।** जनपद के अमानीगंज क्षेत्र में स्थित सन्त भीखादास जी की तपोस्थली की पुण्य भूमि पर वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रबली सिंह द्वारा ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के पावन अवसर पर बड़ी ही धूमधाम से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रबली सिंह ने आज ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगल के पावन अवसर पर सन्त भीखादास जी की समाधि स्थल पर पूजन आरती आदि करके सन्त भीखादास जी महाराज एवं श्री हनुमान जी महाराज को भोग लगाया जिसके बाद उपस्थित भक्तजनों को प्रसाद वितरण कर क्षेत्रवासियों के मंगल की कामना की। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अपने परिजनों के साथ सन्त भीखादास जी के समाधि मन्दिर में जाकर दर्शन एवं पूजन किया और प्रदेश में सुख - शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की, साथ ही सभी के कल्याण की कामना की। वरिष्ठ भाजपा नेता ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यों के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा, श्रद्धा, प्रेम, हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे के प्रति विश्वास बढ़ता है, जिससे समाज में शांति आती है और इससे देश व प्रदेश विकास करता है। उन्होंने भारत की सनातन संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर स्थानीय नेता कृपाशंकर मिश्र, आद्याप्रसाद सिंह, चंद्रभानु सिंह, अंबरीश तिवारी व संजय तिवारी आदि सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।




# आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की मासिक बैठक का आयोजन

**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की मासिक बैठक का आयोजन मोहल्ला घेर मियां खां में बाबर खां के आवास पर किया गया।

बैठक का आगाज मौलाना शादाब कदीरी ने तिलावते कलाम पाक से किया। बैठक को खिताब करते हुए बाबर खां ने कहा कि शनिवार को ईद उल अजहा हैं। कुबार्नी में मुसलमान बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं ऐसे में उन्होने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से अपील की बिजली व पानी की व्यवस्था पर खास ध्यान रखे। नगर पालिका को हिदायत दे कि ईदगाह, जामा मस्जिद और शहर की तमाम मस्जिदों के चारो तरफ सफाई रखें और ईद के दिन सारी मस्जिदों के बाहर चूना डलवा दें। जमीर रिजवी



एड. ने कहा कि जिला प्रशासन बाजारों से ला रहे कुबार्नी के जानवरों को पुलिस या कोई असामाजिक तत्व न रोंके। बैठक में नोमान गाजी, खान शुऐब युनूस, असलम खां, बाबू खां, जुनैद कुरैशी, बाबू अली एड, इकबाल खां, अर्शी खां, फैजान खां आदि मौजूद थे।

# जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने अधिशासी अभियंता को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की हैं

**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** विद्युत विभाग के सिविल लाइंस स्थित उपकेंद्र पर तैनात निविदा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और मानसिक शोषण का गंभीर मामला सामने आया है इस संबंध में उप्र पॉवर कॉर्पोरेशन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने अधिशासी अभियंता को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की हैं।

उपकेंद्र पर कार्यरत निविदा कर्मी विजय रावत और अब्दुल फरीद के साथ अवर अभियंता द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा हैं। आरोप है कि उनसे तय समय से अधिक कार्य लिया जा रहा है और काम न मानने पर नौकरी से निकाले जाने की

- **उपकेंद्र पर कार्यरत निविदा कर्मी विजय रावत और अब्दुल फरीद के साथ अवर अभियंता द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा हैं**

धमकी दी जाती हैं। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि एक अन्य निविदा कर्मी रेहान ने विजय रावत के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि जिससे उनकी सामाजिक और मानसिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा हैं।

श्री यादव ने मांग की है कि बाल्मीकि समाज से आने वाले विजय रावत एवं उनके साथी के साथ जो भी भेदभाव और अमानवीय व्यवहार हुआ है, उसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।

# ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद प्रेम सौहार्द से मनाए ईद उल अजहा का त्यौहार -उप जिलाधिकारी मंडावली थाना परिसर में एक शांति समिति की बैठक का आयोजन जिसमें पहुंचे एसडीएम विजय शंकर द्वारा आगामी त्योहार को लेकर थानाध्यक्ष और क्षेत्र के लोगो को दिशा निर्देश दिए गए मंडावली थाना प्रांगण में आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को लेकर एक शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एस डी एम विजय शंकर द्वारा और कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह के द्वारा किया गया एसडीएम विजय शंकर ने कहा की आगामी ईद उल अजहा का त्यौहार प्रेम पूर्वक मनाए किसी भी नई परंपरा का चलन ना किया जाए जिस प्रकार पारंपरिक तरीके से त्योहार को मानते हुए आ रहे हैं उसी प्रकार से त्योहार को मनाए खुले स्थानों पर कुबार्नी ना करें, केवल चिन्हित स्थानों पर ही कुबार्नी को किया जाए, जिस मार्ग से कुबार्नी के लिए जाया जाता है उसी मार्ग को ही अपनाया जाए मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सफाई




की विशेष व्यवस्था बनाकर रखें अपशिष्ट को गहरा गड्ढा खोदकर कर दबाया जाए त्योहार पर बिजली की विशेष व्यवस्था बनाए रखने के लिए जे ई और एसडीओ को आदेशित किया गया की त्योहार पर बिजली आपूर्ति बाधित न हो कानून की गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी त्यौहार को मनाए थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि दी गई गाइडलाइन का पालन करना सुनिश्चित कराए कानून का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने भी सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में ईद के त्यौहार को मनाने की अपील की उन्होंने कहा कि हम सब जिस तरह से दूसरे त्यौहार मनाते हैं नई परंपराओं से परहेज करते हुए इस त्यौहार को भी शांति प्रेम और संभव के साथ मनाएं इस अवसर पर हम सबको बुराइयों की कुबार्नी देने की आवश्यकता है थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने सभी उपस्थित ग्राम प्रधानों सदस्य क्षेत्र पंचायत गणमान्य नागरिकों से अपील की परंपरागत ढंग से ही मनाने की अपील की और कहा कि जहां जिस गांव में कुबार्नी होती है कुबार्नी सिर्फ वही करें उसमें भी पर्दे का प्रयोग करें कुबार्नी का कोई भी अवशेष सड़कों पर इधर-उधर नगर न गिरने पाए तथा कुबार्नी के फोटो वीडियो आदि सोशल मीडिया पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा अपलोड ना किया जाए ऐसा करने पर दोषी के खिलाफ कानून शक्ति से पेश आएगा चौधरी ईशम सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि परंपरागत ढंग से त्योहार मनाए ऐसा कोई कृत्य ना करें जिससे कि भावनाओं को ठेस पहुंचे त्योहार प्रेम से मनाने के लिए आपसी प्रेम सद्भाव का ध्यान रखें इस बीच राकेश कुमार प्रजापति, नवबहार सिंह, शहाबुद्दीन ठेकेदार, गजेंद्र सिंह मलिक, हाजी नसीम अंसारी, वाजिद मकरानी, नरपाल सिंह, माजिद हुसैन, मौ साजिद, नरपत सिंह, आसिफ हुसैन, रविंद्र सिंह, इरफान, यूनुस डॉ मयंक चौहान, मोहम्मद माजीद हुसैन, कपिल राजपूत, दिलीप कुमार बौद्ध, जोगराज सिंह, निसार अहमद, मोहम्मद मुस्तफा, मुस्तकीम अहमद, अब्दुल रहमान अल्वी, आकाश ठाकुर, वाहिद अहमद, महेंद्र सिंह कश्यप, फरीद अहमद, विपिन त्यागी, कन्हैया सिंह मास्टर ब्रह्पाल सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# कानून के मुताबिक ही जानवरों की कुबार्नी करे: मौलाना मौ. महफूज कादरी

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** मौलाना मौ. महफूज कादरी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि अल्लाह रब्बुल इज्जत का करम हैं की उसने हमें एक बार फिर माहे जिलहिज अता फरमाया।

इस महीने में दस जिलहिज को ईद उल अदहा का त्यौहार मनाया जाता हैं इस मौके पर मुसलमान अल्लाह की बारगाह में अपनी कुर्बानियां पेश करते हैं। इस अमल से रब की रजा हासिल करने की कोशिश करते हैं। इस वाक्य का ताल्लुक हजरते इब्राहीम और हजरते इस्माईल से हैं। कुबार्नी के ताल्लुक से सिहाबा ए किराम मालूम करते हैं या रसूल अल्लाह यह कुबार्नी क्या हैं। हुजूर ने फरमाया ऐ मेरे सिहाबा यह तुम्हारे बाप हजरते इब्राहीम की सुन्नत है फिर सिहाबा ने मालूम करते हैं या रसूल अल्लाह इसमें सवाब कितना हैं हुजूर ने इरशाद फरमाया के हर-हर बाल के बदले खुदा एक-एक नेकी अता फरमाता है फिर सिहाबा मालूम करते हैं या रसूल अल्लाह भेड़, बकरी आदि की ऊन यानि उनके बालों के बारे में क्या इरशाद हैं तो प्यारे आका ने फिर यही फरमाया के खुदा उनके हर-हर बाल के बदले भी एक-एक नेकी अता फरमाता हैं। मौलाना ने अवाम से अपील करते हुए कहा कि कानून के मुताबिक ही जानवरों की कुबार्नी करे।

# खेलने गए बच्चे को एक बच्चे ने उतारा मौत के घाट परिजनो ने पुलिस से लगाई इंसाफ की गुहार



**वेलकम इंडिया महमूद**

जनपद बिजनौर मिली जानकारी के अनुसार ? नजीबाबाद के ग्राम बोरेकी मे दिलशाद का पुत्र फैसल रिहान पुत्र काले के साथ में खेल रहा था खेल-खेल में ही रिहान पुत्र काले ने दिलशाद के पुत्र फैसल को मौत के घाट उतार दिया फैसल के मौत के कारण गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया ग्राम वासियों से मिली जानकारी में बताया गया कि लगभग शाम 7:30 बजे ग्राम प्रधान की बैठक के सामने शाकिर के घर के सामने फैसल घायल अवस्था में पड़ा हुआ दिखाई दिया तभी घायल फैसल को उठाकर ग्राम वासियों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था जैसे ही गांव से फैसल को लेकर निकले तो फैसल ने गांव की कुछ ही दूरी पर दम तोड़ दिया और फैसल की मृत्यु हो गई फैसल की मृत्यु से ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया और सभी ग्राम वासियों को समझा बूझकर मामले को शांत कराया और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही फिलहाल मृतक के परिजनों ने थाना नजीबाबाद में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है और पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# अच्छी पहल, ग्रामीणों के खिल उठे चेहरे



**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** अटारी पंचायत भवन में ग्राम प्रधान संयोगिता सिंह चौहान के नेतृत्व में मेगा कैंप लगाया गया।

आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत अटारी में स्थित पंचायत भवन में ग्राम प्रधान संयोगिता सिंह चौहान के अध्यक्षता में कैंप आयोजित हुआ। जिसमें सभी विभाग के जिम्मेदार मौजूद रहें। साथ ही कैंप के शुभारंभ पर ग्राम प्रधान संयोगिता सिंह चौहान ने कहा कि कैंप के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर सभी विभागों से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उनकी समस्याओं का निवारण करना है। सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं व योजनाओं की जानकारी हासिल की। मेगा कैंप में दर्जनभर स्टाल लगाए गए थे।

# पुत्रों से जान का खतरा बताते हुए लगाई सुरक्षा की गुहार


**वेलकम महमूद रजा**

बिजनौर किरतपुर 75 वर्षीय बूढ़े व्यक्ति ने अपने पुत्रों से जान का खतरा बताते हुए लगाई सुरक्षा की गुहार आरोपी पुत्रों को जेल भेजने की की मांग अतर सिंह मोहल्ला लाडपुरा थाना किरतपुर जिला बिजनौर ने अपने पत्र में कहा कि वह 75 वर्षीय बूढ़ा व्यक्ति है सन 2010 में वह दहना किरतपुर से पोस्टमैन के पद से रिटायर हुआ था उसके बात से ही उसके दोनों पुत्र विपिन व अनिल उसके साथ गाली गलौज मारपीट करते हैं उसकी पत्नी वीरो देवी भी उसका ख्याल ले रखती है और वह भी पुत्रों के साथ है पीड़ित की पेंशन छीनते है ना देने पर मारपीट करते हैं घर में उसे खाना नहीं मिलता होटल ढाबे पर खाना



खाकर जीवित है महा सितंबर 2024 में उसके ऊपर पुलिस का असर हो गया था जिस कारण उसकी जुबान पूरा साथ नहीं देती और चलने भी दिक्कत आती है 15 दिन पूर्व उसके पुत्र विपिन में अनिल ने उसका मोबाइल छीन लिया तोड़कर फेंक दिया जिससे के 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस की मदद ना ले सके पीड़ित का कहना है कि इस नंबर से उसकी गैस की बुकिंग होती है और उसके पुत्रों ने धमकी दी कि हम तेरे पास मोबाइल नहीं रहने देंगे अगर तूने दोबारा लिया तो फिर तोड़ देंगे 31 मई 2025 रात्रि 11:00 बजे अर्थात सिंह के पुत्रों ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात घुसो और लाठी के खूददो सेमरा 1 जून की सुबह को भी मारपीट की पीड़ित ने थाना किरतपुर में घटना की शिकायत की जिसकी उसे रसीद भी दी गई लेकिन दो दिन तक पुलिस नहीं आई निराश होकर आज पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक महोदय बिजनौर को बजरिया डाक प्रार्थना पत्र प्रेषित किया और अपने पुत्रों से अपनी जान को खतरा बताते हुए उनके खिलाफ थाना किरतपुर में मुकदमा दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई करने और उसका मोबाइल दिलाने की गुहार लगाई

# स्वयं को स्वयं से बेहतर बनाएं



डॉ उदिता राजपूत
असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग
गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चान्दपुर–स्याऊ, बिजनौर

आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। हर क्षेत्र में दौड़ लगी है शिक्षा, करियर, स्टार्टअप, सोशल मीडिया, यहां तक कि रिश्तों में भी। इस दौड़ में युवा कहीं गुम ना हो जाएं, इसके लिए जरूरी है कि वे खुद को पहचानें, संतुलन बनाए रखें और मानसिक मजबूती के साथ आगे बढ़ें। कुछ विशेष बातों का ध्यान रखते हुये आगे बढ़ने का निरन्तर प्रयास करते रहें परन्तु इस बात की गांठ बांध लें कि सामाजिक एवं आर्थिक तौर पर सफलता प्राप्त करना ही सार्थक जीवन नहीं होता वरन जीवन में आई कठिनाईयों एवं चुनौतियों का डटकर सामना कर पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से जीना ही सफल एवं संतुष्ट जीवन का प्रमाण होता है। प्रतिस्पर्धा में सबसे जरूरी है आत्मविश्वास। दूसरों से बेहतर बनने की बजाय खुद के बेहतर संस्करण बनने की कोशिश करें। अपने कौशल, रुचि और योग्यता को पहचानें और उसी दिशा में कार्य करें। ₹दूसरों से आगे निकलने के लिए नहीं, बल्कि खुद को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करें।₹

समय की कद्र करना सीखिए। पढ़ाई हो या काम, अपने दिनचर्या को संतुलित बनाना अत्यंत आवश्यक है। समय का सही उपयोग आपको तनाव से भी बचाता है और उत्पादकता बढ़ाता है। आज की पीढ़ी तुरंत सफलता चाहती है। लेकिन असफलता एक शिक्षक है, जो सफलता की राह दिखाती है। जब भी गिरें, उठना न भूलें। ₹असफलता अंत नहीं है, यह तो एक नई शुरूआत का संकेत है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली सफलता अक्सर दिखावा होती है। उसकी तुलना अपने जीवन से न करें। एक गीत है- कभी किसी को मुकम्मिल जहां नहीं मिलता, कभी जमीं तो कभी आसमां नहीं मिलता। परन्तु देखा जाए तो सबको अपना- अपना मुकम्मिल जहां मिला हुआ है। हमें इस भाव के साथ प्रसन्नचित रहकर अपने प्रयास करते रहना चाहिए। क्योंकि असली सफलता शांति, संतुलन और आत्मसंतोष में है। कभी भी अपने मन और मस्तिष्क में नकारात्मक विचारों को न आने दें। नियमित ध्यान, योग, और आत्मचिंतन से जुड़ें। दुनिया तेजी से बदल रही है। ऐसे में निरंतर सीखना और खुद को अपडेट रखना जरूरी है। नई-नई स्किल्स सीखिए चाहे वह डिजिटल हो, कम्युनिकेशन हो या कोई नई भाषा। नई चीजें सीखना न केवल ज्ञान वर्धन करता है वरन आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। कौशल विकास हमारे जीविकोपार्जन के भय को अवसरों में परिवर्तित कर देता है। युवाओं को आज की प्रतिस्पर्धा में सिर्फ जीतने की नहीं, बल्कि टिकने की कला सीखनी है। इसके लिए जरूरी है आत्मविश्वास, संतुलन, मानसिक दृढ़ता और सतत विकास। याद रखिए, आपकी दौड़ किसी और से नहीं, खुद से ही है। प्रतिदिन स्वयं को पहले से बेहतर बनाने के लिए मेहनत करते रहें। खुद को हराना ही सबसे बड़ी जीत होती है।

# फ्रूड इंस्पेक्टर ने मीठे दुकानों पर की छापेमारी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** राजा का ताजपुर में फूड इंस्पेक्टर ने किराना दुकानों, स्वीट मार्ट और बेकरी पर छापेमारी कर सैम्पल लिए, कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फूड इंस्पेक्टर आर के सिंह द्वारा छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए जिनमें मिठाइयाँ, बेकरी उत्पाद और अन्य किराना सामान शामिल हैं। इंस्पेक्टर सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई उपभोक्ताओं की सेहत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है। छापेमारी के दौरान कई दुकानदार अपनी अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे।

फूड इंस्पेक्टर ने चेतावनी दी है कि खाद्य पदार्थ के मानकों का उलंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी श्रुति ने कुबार्नी की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

**वेलकम इंडिया**




बुलंदशहर जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में आगामी पर्वों (ईद उल अजहा, गंगा दशहरा इत्यादि) के सम्बन्ध में जनपद के समस्त धर्मगुरुओं व वरिष्ठ नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिए जनपद में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ गोष्ठियों का आयोजन करने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने ईद उल अजहा पर सार्वजनिक स्थान व खुले में तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न करने के निर्देश दिए। और कुबार्नी के अवशेष को गहरे गड्ढे में दफनाने व तत्काल साफ-सफाई करने के समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही ईद पर सड़क पर नमाज न अदा करने निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने कुबार्नी की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए, साथ ही समस्त धर्म स्थलों एव गंगा दशहरा मेले में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाने के निर्देश दिए। बैठक में खाद्य पदार्थों के विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आगामी त्योहारों से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तत्काल करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि निर्धारित घाटों पर ही श्रद्धालुओं का स्नान कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, ट्रैक्टर ट्रालियों से गंगा स्नान करने श्रद्धालु न आएं यह सुनिश्चित किया जाए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। गंगा स्नान के समय नावों पर क्षमता से अधिक लोग सवार न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। त्यौहारो के समय गाड़ियों पर स्टण्ड करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि हमें ज्ञात हुआ है कि पूर्व में कावड यात्रा के दौरान समाज के लोगो द्वारा कावड यात्रा पर पुष्प वर्षा कर गंगा जमुना तहजीब का परिचय दिया गया, इसी प्रकार आगामी त्यौहार ईद उल अजहा व गंगा दशहरा को सौहार्द के साथ मनाएं। साथ ही उन्होंने ने सड़क पर कार्यक्रम तथा गैर परंपरागत कार्यक्रम न करने के निर्देश दिए एव समस्त धार्मिक स्थलों पर सी0सी0टी0वी कैमरे लगवाने को निर्देशित किया। जनपद में संवेदनशील मार्गो पर नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने घाटों पर सम्पूर्ण प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, गोताखोरों की व्यवस्था, मेलों को पालीथीन मुक्त करने हेतु दुकानदारों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने गंगा समिति के पदाधिकारियो के साथ बैठक व पूर्ण जनपद में ड्रोन कैमरों से निगरानी करने के भी निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत अधिकारी को त्यौंहारों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने तथा विद्युत खम्बो को पॉलिथीन द्वारा ढकवाना तथा ट्रांसफार्मरों को कवर करने तथा विद्युत लाइनों की नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में त्यौहारों के अवसर पर सड़कों पर निराश्रित पशुओ को पकड़ने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस पर चिकित्सक के साथ सतर्क रहना व गंगा मेले में कैम्प लगाकर दवाई की समुचित आपूर्ति, हेल्थ कैम्प लगाने के निर्देश दिए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को शीतल जल पिलाया

**वेलकम इंडिया रजा**



**नजीबाबाद।** भाजपा कार्यकताओं ने राहगीरों को शीतल जल पिलाया पुन्य लाभ कमाया भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल के राहतपुर गांव के बूथ अध्यक्ष केशव कुमार पाल के नेतृत्व में आज शिविर लगाकर ग्राम राहतपुर में यात्रियों को शीतल जल पिलाया जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, सचिन देशवाल, अनुज काकरान, कपिल राजपूत, ग्राम प्रधान मोहम्मद मुस्तफा ने संयुक्त रूप से राहगीरों को जल पिलाकर किया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में जल पिलाना बहुत ही पुण्य कार्य है ग्राम प्रधान और केशव कुमार पाल के द्वारा किए गए इस कार्य के लिए उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है जो प्रतिवर्ष ऐसा कार्य कर रहे हैं इस प्रकार के शिविरों से राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत मिलती है उन्होंने सभी भाजपा कार्यकताओं से अपील की की भीषण गर्मी को देखते हुए सभी अपने-अपने घरों की छतों पर एक पात्र में पानी भर कर रखें जिससे कि पक्षी पानी पीते रहे इस शिविर में केशव कुमार पाल के नेतृत्व में राहतपुर के युवाओं ने भाग लिया इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, सचिन देशवाल, अनुज काकरान, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद माजिद, डा मयंक चौहान, युवी चौधरी, लाला जयप्रकाश, आदित्य, मयंक, विक्की, दिवांशु तुषार पाल, प्रिंस पाल आदि लोगों नेगाड़ियों, आटो रिक्शा, अन्य वाहनों को रोक रोक कर बहुत ही सेवा भाव से मीठा ठंडा शरबत पिलाया केशव कुमार पाल ने सभी से सहयोग करने के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

# एम एस केशरी पब्लिकेशन द्वारा ई पत्रिका मोहिनीमय का चौका अंक प्रकाशित किया

**वेलकम इंडिया**

मुजफ्फरपुर बिहार की साहित्यिक पब्लिकेशन ₹ एम एस केशरी पब्लिकेशन ₹ जिसकी संस्थापिका मुस्कान केशरी जी हैं। मोहिनीमय ई पत्रिका लाँच किया गया है जो पूर्णतः निशुल्क है। साहित्यकारों को अपनी राष्ट्र स्तरीय पहचान देने बनाने में अहम भूमिका निभा रही मुस्कान केशरी जी का कहना है ये पत्रिका साप्ताहिक पत्रिका होगी। इस पत्रिका के माध्यम से रचनाकारों की रचना सुरक्षित व सरंक्षित रहेगी। इस पत्रिका में विभिन्न राज्यों और जिला के साहित्यकार की रचना लगाई गई। इस पत्रिका का नाम मोहिनीमय है जो रचनाकारों को बहुत पसंद आई है। अभी तक पब्लिकेशन द्वारा एकल पुस्तकें और साझा संकलन पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं और हर माह दो दिवसीय काव्यगोष्ठी, जुगलबंदी, साक्षात्कार और कविता व विडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था। अब पत्रिका भी जुड़ा गया है। एम एस केशरी पब्लिकेशन एक विश्वसनीय पब्लिकेशन है जो साहित्यकारों को अपनी पहचान दिलाने में मददगार साबित हुआ है। इस ई पत्रिका में संपादक मुस्कान केशरी व सह संपादक कृष्णकान्त सेन जी, साहित्यकार के रूप में सोनू सिंह, रनजीत कुमार तिवारी, हरि प्रकाश गुप्ता सरल, डॉ पुष्पेन्द्र सिंह ₹प्रेम हाथरसी, ओ पी कौशिक, रतनपुरिहा, डॉ नताशा कुशवाहा, डॉ अरुण कुमार शास्त्री, डॉ सतना, श्रीनिवास एन, मधु वशिष्ठ, रीति झा, राजेश कुमार सोनार, रंजुला चंडालिया कुमुदिनी, मेघकरण मारकंडेय, कृष्णा चौहान, जागृति शर्मा, लक्ष्मी कान्त स्वामी, श्रीमती रेणुका व्यास, सौ अनिता श्रीवास्तव, कविता नामदेव, ज्योति प्यासी, विरेन्द्र जैन माहिर, डॉ शरीफ खान जी सम्मिलित हुए।

# एआईजे ने किया मिसेज एशिया विजयता सचदेवा का सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर इण्डियन एसोसिएशन ऑफ जनर्लिस्ट (आईएजे) एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पाणिनि भवन सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी विकसित भारत के विकास में मीडिया की भूमिका विषयक संगोष्ठी सम्पन्न हुआ।

समारोह की अध्यक्षता प्रो बिहारी लाल शर्मा (कुलपति, सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी) ने की। तथा समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री पंडित गणेश्वर शास्त्री द्राविड़, विशिष्ट अतिथि श्री राजेश गौतम (निदेशक, आकाशवाणी वाराणसी) रहे। समारोह अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व आईएजे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मां सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय संगोष्ठी, व 30 वां राष्ट्रीय अलंकरण काशीरत्नच्/ शान ए काशी 2025 का शुभारंभ किया। मंगलाचरण पूजा पंड्या, स्वागत सामाजिक विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष प्रो 0 शैलेश मिश्रा संचालन डॉक्टर अनुपम गुप्ता संयोजन इस मोतीलाल गुप्ता धन्यवाद प्रकाश डॉक्टर कैलाश सिंह विकास ने किया गया गया जहां वाराणसी की जानी मानी हस्ती और यूपी की शान काशीरत्न व काशीगौरव अलंकार से सम्मानित मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जी को आईएजे की चयन समिति की सदस्यता के लिए चुना जहां माल्याअर्पण कर आईएजे नागरिक अभिनन्दन 2025 चयन समिति सदस्यगगण पद सम्मान से सम्मानित किया गया जहां मिसेज एशिया सहित अन्य सम्मानित जनों में इंजिनियर रामनरेश नरेश। समारोह में ह्रदय नारायण व्दिवेदी, प्रो राजनाथ, श्रीमती विजयता सचदेवा, जियाउद्दीन फारूकी एडवोकेट, श्रीमती गीता राय, डा तुलसी दास मिश्र, अर्जुन सिंह, आशीर्वाद सिंह, मोहम्मद दाउद, रामनरेश नरेश, आंनद कुमार सिंह, अरविंद कुमार विश्वकर्मा, जफरुद्दीन फारूकी, डा सुबाष चंद्र, विनय कुमार श्रीवास्तव, विक्की वर्मा, राजू वर्मा, अमित कुमार पांडेय, संजय पाण्डेय राधा सेठ, विक्रम कुमार, तेजस कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खीरी टाउन में जेठ महीने के चौथे मंगलवार पर भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**वेलकम इंडिया**

**खीरी टाउन :** जेठ माह के चौथे मंगलवार को कस्बा खीरी टाउन में धार्मिक आस्था और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। कस्बे के प्राचीन बुढ़ी माता मंदिर परिसर में बजरंग दल के नगर अध्यक्ष लव कुश सिंह, सुरेश सिंह, सभासद कुंदन सिंह, विमलेश शर्मा एडवोकेट, बासित खान एडवोकेट तथा उनकी पूरी टीम द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। सभी ने माता रानी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में साफ-सफाई, अनुशासन और सेवा भाव का विशेष ध्यान रखा गया। आयोजकों की मेहनत और समर्पण की स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की। इसी क्रम में मोहल्ला हानियां टोला में भी एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें राम सुरेश यादव, मोहन यादव, दिलीप यादव, ऋषि नाथ सिंह और अन्य मोहल्लेवासियों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण में बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोनों स्थानों पर आयोजित इन धार्मिक कार्यक्रमों ने समाज में भाईचारे, एकता और सेवा भावना का संदेश दिया।

# कला अपने आप में एक योग्यता है, कलाकार को अपने भीतर उतरना पड़ता है: श्वेता केसरवानी

**सनी कुमार केसरवानी संवाददाता**



**प्रयागराज।** कला एक सौन्दर्य है। सौन्दर्य ही कला कला हर व्यक्ति में होती है बस सभी के भाव अलग अलग होते है। कलाकार अपनी कला को रंग के माध्यम से या चित्रकारी के माध्यम से अपना भावनाओं को व्यक्त करते है। कला समाज को जोड़ सकती है। यदि आप अच्छी चीजें देखेंगे तो मन में अच्छा विचार आएगा। हर आदमी मीठास लेकर जीवन में आगे बढ़ता है। प्रकृति और युवा पीढ़ी एक-दूसरे से आगे बढ़ रही है। प्रेम कभी खत्म नहीं होता।

ऐसे में प्रयागराज के रहने वाली चित्रकार श्वेता केसरवानी ने पेंटिंग की कला में बड़ा मुकाम हासिल किया है. श्वेता की कला का यह सफर न केवल कला के प्रति उनके समर्पण को दशार्ता है, बल्कि उनकी जीवन यात्रा में संघर्ष, धैर्य और आत्मविश्वास का भी प्रतीक है। श्वेता केसरवानी ने बताई कि कला के प्रति हम समर्पित हैं, कला हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है. हमने एक महिला की भावनाओं को, उसकी शक्ति, कोमलता को चित्र के माध्यम से दिखाया है. दुनिया को एक नया नजरिया दिया है. ऐसा नहीं है कि इस में नाम शोहरत और पैसा नहीं है. उन्होंने आगे बताया कि हर क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है, बस उसमें पूरी तरह से खुद को समर्पित करने की आवश्यकता है। यह प्रदर्शनी रोजमर्रा की ज़िंदगी से जुड़े ऐसे कला कार्यों का संकलन है, जो न केवल होम डेकोर के लिए आदर्श हैं, बल्कि उनकी कीमत भी आम आदमी की पहुंच में है। कला अपने आप में एक सौन्दर्य है, जिसे पाने के लिए कलाकार को अपने भीतर उतरना पड़ता है।

आज की पेंटिंग्स में कई ऐसी हैं जो ध्यान और मेडिटेशन को दशार्ती हैं, तो वहीं कुछ ऐसी भी हैं जिनसे यह प्रतीत होता है कि कलाकार को अभी ध्यान की आवश्यकता है। कला केवल एक क्राफ्ट नहीं है, बल्कि इसे मन की गहराईयों से महसूस करना होता है।

# शस्त्रागार जिहाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक, शासन संज्ञान ले - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

**वेलकमइ ंडिया**



वर्षो पूर्व रेल जिहाद और सड़क जिहाद जैसे शब्दों को झुठलाने वाले लोग आज अचम्भित हैं की मजहबी लोग इस प्रकार की जिहाद भी करते हैं ठीक इसी प्रकार शस्त्रागार जिहाद है जो पठानकोट पंजाब और कश्मीर में अनेको बार हुई जिसको आतंकवाद का नाम दिया गया जबकि यह मजहबी जिहाद का ही भाग है । मजहबी लोग काफिरो/गैर इस्लामिक समाज को तो प्रतिदिन किसी न किसी प्रकार मार ही रहे हैं पर उनके जिहाद का मूल उदेश्य भारत पर कब्जा करना है। यदि गंभीरता से अवलोकन करेंगे तो अनुभव करेंगे की जहां जहां भी भारतीय शस्त्रागार हैं और आयुध संग्रहण क्षेत्र है उसके आस पास मजहबी समाज ने अपनी बस्तियां, कालोनियों को स्थापित किया है मेरठ कैंट हो या आगरा कैंट चारो तरफ मजहबी समाज की घनी आबादी स्थापित हो चुकी है । यही स्थिति गाजियाबाद हिंडन एयर फोर्स की है जिसके आस पास पसौंडा, भोपुरा, फरुख नगर, शालीमार गार्डन, हिंडन विहार जैसी अनेको कॉलोनियां हैं जिनमे न केवल मजहबी आबादी ज्यादा है अपितु इन क्षेत्रो में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं ने भी अपने ठिकाने बना रखें हैं । यदि हम कश्मीर और पंजाब से सीख लें तो वहां पर मिलिट्री जोन में काम करने वाले मजहबी मजदूरों ने ही राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ सदैव खिलवाड़ किया है । राष्ट्रहित में शासन से अनुरोध है हिंडन एयरफोर्स के साथ साथ जहाँ भी हमारा आयुध संग्रहण एवं शस्त्र भण्डार है वहां के आस पास के क्षेत्रो की, कच्ची कॉलोनियों की, मोहल्लो की सघन जांच हो, अवैध रूप से रह रहे मजहबी लोगो की धरपकड़ हो और ऐसे क्षेत्रो में किरायेदारी पर भी पूर्ण प्रतिबंध हो ।

फरुखनगर जैसा क्षेत्र जहां आज भी अवैध रूप से पटाखे आदि बनाये जाते हैं और यह गांव हिंडन एयर फोर्स के बाउंड्री से बिलकुल लगा हुआ है सोचिये सुरक्षा की दृष्टि से यह कितना घातक है । अतः सरकार से सादर अनुरोध है की इस ओर संज्ञान लेने की कृपा करें ।

# भीषण गर्मी में राहत की बारिश बनी एक परिवार के लिए मातम का कारण

**संवाददाता मोहम्मद असलम**



खीरी टाउन मंगलवार की सुबह भीषण गर्मी से बेहाल लोगों के लिए एक उम्मीद लेकर आई थी बादलों की गड़गड़ाहट और हल्की-फुल्की बारिश। गर्म हवाओं से जूझते इंसान और जानवरों को कुछ राहत महसूस हुई। लोग अपने-अपने घरों की छतों से आसमान की ओर देख मुस्कुरा रहे थे कि शायद आज मौसम मेहरबान हो जाएगा। लेकिन इसी राहत भरे मौसम ने मोहम्मदपुर गांव के एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर निवासी 45 वर्षीय अब्बास अपने खेतों की ओर निकले थे। रोज की तरह खेतों का जायजा लेना और पशुओं के लिए चारा देखना उनकी दिनचर्या थी। लेकिन किसे पता था कि आज का दिन उनकी जिंदगी का आखिरी दिन होगा। करीब दोपहर के वक्त अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जब गांव के लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि अब्बास जमीन पर गिर चुके थे उनके शरीर में कोई हरकत नहीं थी। गांव में सन्नाटा पसर गया। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। अब्बास न केवल अपने घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, बल्कि गांव में भी उन्हें एक नेक, मेहनती और मिलनसार इंसान के रूप में जाना जाता था।

# 53वें अष्ट दिवसीय महोत्सव समापन

**वेलकम इंडिया**



**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** श्री श्याम मंदिर हांसी के 53वें अष्ट दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम समापन हो गया। समापन के आठवें दिन एक शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें साध्वी पूर्णिमा ने अपने मधुर कंठ से लोगों को मनमोहित किया। श्रद्धालुओं ने भी भजनों पर झूमते हुए बाबा के नाम की मस्ती लूटी। श्री श्याम मित्र मंडल, श्री श्याम भवन ट्रस्ट एवं श्री श्याम मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को जागरण व रविवार को एक शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम में पीसीएसडी स्कूल के ग्राउंड में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं के जनसैलाब ने भीड़ के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। 8 दिवसीय महोत्सव के आखिरी दिन मंदिर में बाबा के दरबार को ड्राई फ्रूट टॉफी और चॉकलेट के श्रृंगार से सजाया गया। महोत्सव के दौरान श्याम बाबा के श्रृंगार को आठों दिन अलग-अलग प्रकार के से सजाया गया था। कभी विदेशों के फूलों से तो कभी मेवा, फलों के श्रृंगार से. कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जयपाल गोयल (कोटा वाले) थे, वही सरपरस्त लछमी कांत गर्ग (लच्छू) रहे। श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम भवन ट्रस्ट के प्रधान जगदीश मित्तल ने 51 में महोत्सव के समापन पर सभी शहरवासियों का धन्यवाद किया। इस प्रोग्राम में विनय जैन, भागवत स्वरूप सिंगल, महेन्द्र गर्ग, गौरव जैन, पप्पू खरडिया, मोहित मित्तल, सुनील मित्तल, अनिल गोयल, राघव गोयल (प्रवक्ता) सहित हजारों की संख्या में श्याम भगत उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 4 जून को होगा कदंब पथ योजना के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**



**वृन्दावन।** गौशाला नगर स्थित मां ध्यानमूर्ति सत्संग सेवा संस्थान में कदंब पथ योजना के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें इस योजना के सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में विस्तार से विचार विमर्श किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि मथुरा-वृंदावन मार्ग पर वर्ष 2023 में तत्कालीन डीएम पुलकित खरे के नेतृत्व में प्रारंभ की गई कदंब पथ योजना के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 4 जून 2025 को हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। कदंब पथ योजना के सहभागी मां ध्यानमूर्ति सत्संग सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम शास्त्री ने बताया कि मंदिरों की नगरी वृंदावन आने वाले देश विदेश के श्रद्धालु व पर्यटकों को हरितमा युक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मथुरा-वृंदावन मार्ग पर वर्ष 2023 में बहुप्रतीक्षित कदंब पथ योजना का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत सैकड़ो कदंब के पेड़ रोपित किए गए। उन्होंने बताया कि इस योजना के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 4 जून 2025 को शाम 04 बजे मथुरा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण गौशाला से किया जाएगा। महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने बताया कि कदंब पथ के माध्यम से पुनः 400 कदंब के पेड़ मथुरा-वृंदावन मार्ग पर रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व में योजना के अंतर्गत लगाई गई लोहे के टी-गार्ड को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ कर ले जाया गया। जिसके चलते एक बड़ी संख्या में कदंब के पेड़ नष्ट हो गए।

# एक ही परिवार की 6 लड़कियां यमुना में डूबीं, सभी की मौत, मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान 04-04 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का एलान

**वेलकम इंडिया**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश शासन व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का लिया संज्ञान,मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से 04- 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के दिए निर्देश जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी रेस्क्यू टीम के साथ तत्काल पहुंचे थे मौके पर, गंभीर रूप से घायल रेस्क्यू की गईं 02 बच्चियों को भेजा था नजदीकी अस्पताल, उच्च इलाज के दिए थे निर्देश आगराः- मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे नगला नाथू, थाना सिकंदरा क्षेत्र में यमुना में नहाने गईं 06 किशोरियों के असावधानीवश गहरे पानी में डूब जाने से मृत्यु की दुखद घटना हुई। घटना की जानकारी होने पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, तत्काल पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचे, गोताखोरों ,ग्रामीण व पुलिस प्रशासन की सहायता से रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर सभी को बाहर निकाला गया, घटना में 04 किशोरियों की मौके पर ही दुखद मौत हो गई तथा 02 बच्चियों को बचा लिया गया। जिलाधिकारी महोदय ने रेस्क्यू ऑपरेशन में 02 रेस्क्यू की गईं, गंभीर घायल किशोरियों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया, तथा उनका उच्च स्तरीय इलाज सुनिश्चित किया गया। आज सुबह लगभग 10 बजे यमुना में नहाने गईं 06 बच्चियां असावधानीवश गहरे पानी में डूब गईं जिनमें मुस्कान उम्र 18 वर्ष व संध्या उम्र 12 वर्ष, दिव्या उम्र 13 वर्ष पुत्री श्री सुरेश कुमार निवासी नगला नाथू व नैना, उम्र 14 वर्ष, पुत्री दिनेश, निवासी नगला नाथू, सिकंदरा की डूबने से मौके पर ही दुखद मौत हो गई एवं शिवानी, उम्र 17 वर्ष, पुत्री सुंदर लाल,निवासी नगला रामबल, नाराइच व सोनम उम्र 12 वर्ष पुत्री अशोक कुमार निवासी नगला नेहरा, जलेसर रोड टेडी बगिया को गोताखोरों, ग्रामीणों व रेस्क्यू टीम की मदद से गंभीर रूप से घायल अवस्था में बचा लिया गया तथा अविलंब नजदीक के अस्पताल में रेफर किया गया, जिलाधिकारी ने अपर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह व नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल के साथ अस्पताल पहुंचकर घायल किशोरियों के उच्च चिकित्सा उपचार सुनिश्चित कराया तथा परिवारजनों से मुलाकात की। उच्च चिकित्सा के उपरांत भी दोनों किशोरियों की भी दुखद मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश शासन तथा मा.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुखद घटना का संज्ञान लिया तथा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने तथा घायलों के उच्च स्तरीय इलाज के निर्देश दिए थे। मा.मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से,गहरे पानी में डूबने से हुई इस दुखद मृत्यु की घटना में सभी मृतक किशोरियों के परिजनों को 04- 04 लाख की राहत धनराशि प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं।





# साइबर ठगों ने मथुरा जिलाधिकारी का फेक एकाउंट बनाया, लोगों से की पैसे की डिमांड

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** साइबर अपराधियों के इतने हौसले बुलंद है कि उन्होंने मथुरा के डीएम के नाम से फेक आई डी बनाकर रुपए एठने के लिए बड़ी संख्या में लोगों को मैसेज कर दिए , किसी ने इसकी जानकारी जब जिलाधिकारी को दी तो उन्होंने तत्काल मुकदमा दर्ज करा दिया। मथुरा पुलिस की साइबर टीम आरोपी की तलाश में जुट गयी है।

जिलाधिकारी सीपी सिंह आईएएस के नाम पर किसी ने व्हाट्सएप के माध्यम से उनके परिचितों से लेनदेन की कोशिश की। जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी ने इसकी सूचना साइवर सेल को दी। आनन फानन में तत्काल ही फेक व्हाट्सएप आईडी बनाने वाले अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सोमवार को जिलाधिकारी का फोटो लगाते हुए मोबाइल नंबर




8562098330804 पर नाम चंद्र प्रकाश सिंह लिखकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों से सम्पर्क साधना शुरू कर दिया। जिलाधिकारी की इस फेक व्हाट्सएप आईडी से संबंधित व्यक्ति मीटिंग में अपनी (जिलाधिकारी) व्यस्तता दशार्ते हुए किसी आवश्यक कार्य के लिए देनदेन की बात की है ।विभिन्न लोगों के साथ इस फेक व्हाट्सएप आईडी से लेनदेन के संदेश की सूचना जल्द ही जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के पास पहुंच गई। तत्काल ही जिलाधिकारी ने इस घटनाक्रम की जानकारी साइवर सेल को दी। साथ ही इसकी रिपोर्ट थाना सदर बाजार में दर्ज कराई गई है।

# बड़े मंगल पर क्षेत्र में अंजनी लाल पवनसुत का गूंजा जयकारा



**वेलकम इंडिया**

**बाजार शुक्ल अमेठी।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को बजरंगबली के प्रति आस्था उमड़ी बजरंगबली मंदिरों के साथ क्षेत्र के गली गलीयारों में जयकारों के साथ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भक्त उमड़े तो दिन चढ़ने के साथ भक्ति का रंग मार्गों पर भी प्रवाहित हुआ। कस्बा स्थित उदासीन हनुमान मंदिर में भोर की सुबह मंगल आरती की गई। सुबह चार बजे से ही भक्तों ने बजरंगबली के जयकारे से मंदिर गूंजने लगे। फूलों से सजे हनुमंतलला की दिव्य छवि का दर्शन कर भक्त निहाल होते रहे। प्रवेश द्वार से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही थी। कीर्तन भजन का दौर जारी रहा साथ ही बड़े मंगलवार पर सामाजिक संस्थाओं ने भी जगह-जगह स्टार लगाकर भंडारा आयोजन के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कार्य जारी रहा।

# मां पीतांबरा भक्त मंडल द्वारा दतिया वाले स्वामीजी की पुण्यतिथि मनाई

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)** । मां पीतांबरा भक्त मंडल द्वारा दतिया वाले स्वामी जी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी जी महाराज की पुण्यतिथि गंगाबाई की बगीची पर धूमधाम से मनाई गई। महंत हनुमान दास एवं दिनेश स्वामी द्वारा विधि-विधान पूर्वक स्वामी जी महाराज एवं पीतांबरा माई की पूजा अर्चना की गई। सभी भक्तजनों द्वारा गुरु जी महाराज के चित्र पर चंदन-तिलक लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर पूजन किया तथा स्वामिअस्टक, बगलामुखी चालीसा एवं बगलामुखी माई की आरती गाई गई। महिला मंडल द्वारा मंगल गीत एवं भजन गाए गए। कार्यक्रम में ब्रजमोहन कुलश्रेष्ठ ने बताया कि गुरुजी का धौलपुर से विशेष लगाव रहा है और उन्होंने धौलपुर में विभिन्न स्थानों पर



पूजा अर्चना कर धौलपुर की भूमि को पावन किया है। भक्त मंडल के पवन गोयल ने बताया कि धौलपुर में ऐसे बहुत से लोग हैं जो कि गुरुजी से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए थे। उन पर गुरु जी की असीम कृपा हैं। धौलपुर से हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए दतिया जाते हैं। कार्यक्रम में धौलपुर उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, मुकेश सूतैल, पवन गोयल, राजेश कुलश्रेष्ठ, बृजमोहन कुलश्रेष्ठ, अशोक कुलश्रेष्ठ, महेश शर्मा, जगदीश गौड, बच्चू तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, शैलेंद्र व्यास, अतेंद्र वशिष्ठ, हेमंत लोधा, राजू पाराशर, राकेश, आवेश कुलश्रेष्ठ, सोनू परमार, रविभूषण, गिर्राज शर्मा, दिनेश गर्ग, सूरज गोयल, हरीकृष्ण सरैया, मनोज अग्रवाल, बसंत, भानू, मनीष लोधा, रामबरन गुर्जर, श्याम, दशरथ, राजवीर, रामप्रसाद, अरविंद, धर्मेंद्र, नत्थीलाल कुलश्रेष्ठ, रिंकू बोहरे, राजवीर गुर्जर, अवनीश, राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

# डीएम एसएसपी ने तीन पशु वधुशालाओं का किया औचक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर मंगलवार को जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा मुंडा खेड़ा रोड खुर्जा बुलंदशहर स्थित तीन पशु वधुशाला का औचक निरीक्षण किया गया अलहमद फ्रोजन फूड में कटान का कार्य दिनांक 29.05.25 से बंद पाया गया इसके उपरान्त मदीना फ्रोजन फूड में लेरेज में 150 की क्षमता के सापेक्ष 117 पशुओं का एंटीमॉर्टम पशु चिकित्सकों द्वारा किया जाता पाया गया उक्त समय तक एक दिन पूर्व आए सभी पशुओं का कटान किया जा चुका था तथा अंत में लेहम फ्रोजन फूड के लेरेज में 300 के सापेक्ष 57 पशुओं का एंटीमॉर्टम किया जा चुका था तथा एक दिन पूर्व 240 पशुओं का वध किया गया था। जिलाधिकारी महोदया द्वारा विशेष निर्देश दिए गए कि पशुवधशालाओं में प्रतिबंधित पशु 3 माह से कम उम्र, दुधारू, गयाभिन बीमार पशुओं तथा प्रतिबंधित पशुओं का वध किसी भी दशा में न किया जाए।

# कला और कवि से जुड़ाव का मंच बना लक्ष्य एक मंच

**वेलकम इंडिया**

प्रयागराज में ₹लक्ष्य एक मंच₹ सफर कलम से मंच तक एवं ₹आरंभ इवेंट्स ₹ने एक संयुक्त कार्यक्रम किया जिसमें पूर्व आईएस अधिकारी आर एस वर्मा ₹शुभम वर्मा ₹एवं ₹अर्चना मौर्य₹ ने कलाकारों को सर्टिफिकेट और उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया संयुक्त आयोजन में उभरते कलाकारों एवं कवियों को एलिफेंटों रेस्टोरेंट में एक मंच प्रदान किया गया जिसमें कार्यक्रम का संचालन लवकुश जी ने किया।

समस्त कार्यक्रम शुभम वर्मा जी के तत्वाधान मे आयोजित हुआ। युवा कवियों के काव्यात्मक प्रस्तुति के मुख्य अतिथि पूर्व आई एस अधिकारी ₹आर एस वर्मा₹ ने भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा साहित्यिक सेवा में ₹लक्ष्य एक मंच₹ द्वारा किये जा रहे प्रशंसात्मक कार्य के लिए संस्थापक युवा कवि ₹शुभम वर्मा ₹को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। पिछले एक साल से ₹लक्ष्य एक मंच₹



युवाओं को एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध करातारहा हैं नित नये साहित्यिक आयोजन कराता रहता है।प्रशांत द्विवेदी, तहजीब लियाकत, राज दुबे, मोहम्मद सैफ, वसीम अख्तर , आकांशा केसरवानी, रिया दुबे, डॉ. रति सिंह, आदर्श पांडे, पंकज वर्मा, राशि वर्मा, शिवांश वर्मा, जानवी, अभिषेक जयसवाल आदि ने मंच की शोभा अपनी एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दे कर की। संचालक लवकुश तिवारी रहे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए राज केसरवानी,झलक एवं साबिया का ₹आरंभ इवेंट्स ₹और ₹लक्ष्य एक मंच₹ ने विशेष आभार व्यक्त किया।

# बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर और अध्यादेश का विरोध रहेगा जारी - आचार्य विष्णु

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/बलदेव/वृंदावन।** श्री बांके बिहारी मंदिर में प्रस्तावित कॉरिडोर और सरकार द्वारा लाए जा रहे संभावित अध्यादेश का वृंदावन में सेवायत गोस्वामियों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। वहीं दाऊजी मंदिर बलदेव के सेवायत गोस्वामी बलभद्र पीठाधीश्वर आचार्य विष्णु महाराज ने भी कॉरीडोर बनाए जाने का विरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग की है कि बिहारी जी मंदिर के लिए जो भी निर्णय लें वो मंदिर के सेवायत गोस्वामी परिवारों की सहमति से ही लें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर परियोजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण बताया गया है। लेकिन यह परियोजना मंदिर की



परंपरा, संरचना और अधिकारों का हनन है। यह प्रयास धार्मिक हस्तक्षेप के समान है।इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया आज वृंदावन का नंबर है आगे सरकार ब्रज के सभी देवालयों को कॉरिडोर के नाम पर अपने अधीन ले लेगी। उन्होंने मथुरा जनपद के सभी देवालयों के सेवायत गोस्वामियों से आवाहन किया है कि वो बिहारी जी मंदिर के गोस्वामी परिवारों का आंदोलन में साथ दें।

# सिंभावली थाना प्रभारी ने बड़े मंगल दिवस पर थाने आए पीड़ितों एवं राहगीरों को चावल का प्रसाद वितरण कर उठाया धर्म लाभ

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना प्रभारी ने बड़े मंगल दिवस एवं ईद उल अजहा के अवसर पर आयोजित की गई। पीस पार्टी की बैठक में क्षेत्र से आए सम्भ्रांत लोगों एवं राहगीरों को अपराहन भोज कराकर धर्म लाभ उठाया। वहीं आयोजित बैठक में क्षेत्र से आए लोगों ने सिंभावली पुलिस की कार्य शैली को लेकर प्रशंसा करते हुए कहा कि जहां पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगते हैं। वहीं पुलिस के द्वारा कुछ घटनाओं का खुलासा कर पीड़ितों को लाभ भी पहुंचाया जाता है। पुलिस की पूर्व कार्य शैली में और आज की कार्यशैली में काफी अंतर है। आज की डिजिटल पुलिस सभी



यंत्रों से सुसज्जित होने के साथ हाईटेक हो चुकी है। इसलिए बदमाशों का पुलिस के चुंगल से बचना नामुमकिन है। पुलिस की कार्यशैली को लेकर जितनी भी सराहना की जाए कम है।

# ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले का विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं न॰पा॰ ईओ ने वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ फीता काटकर किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में आयोजित होने वाले गंगा ज्येष्ठ दशहरा मेले का क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश बजरंगी, एवं नगर पालिका ईओ ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इस बार ज्येष्ठ गंगा स्नान दशहरा मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचने का अनुमान



है। जिसको लेकर जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम के द्वारा मेले को श्रद्धा भाव के साथ सकुशल संपन्न कराने को लेकर यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त जाम मुक्त रखने के लिए रूट डायवर्जन कर दिया गया है। और मेले की निगरानी तीसरी आंख से की जा रही है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी भी तरीके की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जिसको लेकर जिला अधिकारी अभिषेक पांडे ने एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, उप जिला अधिकारी अंकित वर्मा,सीओ वरूण मिश्रा के साथ पैदल भ्रमण कर स्नान घाट,बैरिकेडिंग, वस्त्र चेंजिंग रूम, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित को सख्त दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं।

# ईदु उल अजहा पर कुबार्नी के नाम पर प्रतिबंध जानवरों का कटान रहेगा वर्जित खुले स्थानों पर कुबार्नी करने वालों के विरुद्ध की जाएगी दडात्मक करवाई/सीओ वरुण मिश्रा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/ईदु उल अजहा को शांति सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराने को लेकर पीस कमेटी के कार्यकताओं के साथ सिंभावली थाने के प्रांगण में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों से पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने अपील करते हुए कहा कि ईदुउल अजहा पर प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी करने पर पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। और साथ ही खुले स्थानों पर भी कुबार्नी नहीं होगी।ईद उल अजहा के इस त्यौहार को भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएं। यदि किसी को कोई समस्या आती है तो वह तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें। आपकी पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।



हाथरस के एआरटीओ बने निर्दई ने अर्थियाँ विसर्जन-कर अपने गांव जा रहे लोगों के वाहनों का काट दिया था चालान, वंही

# आया विश्व हिन्दू परिषद ने पढाया इंसानियत का पाठ, वापस कराए करीब 16-16 हजार के चालान

जितेन्द्र कुमार वेलकम इंडिया



**हाथरस।** सोमवार को जिले में एआरटीओ लक्ष्मण प्रसाद के द्वारा निर्दयी होने का मामला संज्ञान में आया। उनके द्वारा इंसानियत ना होने की बात उस दौरान सामने आई जहां उनके द्वारा राजस्थान के दो परिवार अपने मृतकों की आर्थियां विसर्जन कर गंगा जी से लौट रहे थे। वह सिकंद्राराऊ से आते हुए हाथरस शहर की ओर निकल रहे थे। इस दौरान एआरटीओ साहब हाथरस जंक्शन के आसपास मिले और उन्होंने उन लोगों की गाड़िया को रोड के सहारे रुकवा लिया और झूठ बोलने का सहारा लिया। वह कुछ सामान की कहकर उन लोगों को पुलिस लाइन लेकर आए। जहां पर एआरटीओ ने उनको चालान का फर्रा सभी के हाथों में थमा दिया। वंही मृतकों के परिजनों के होश उड़ गए। यह एआरटीओ साहब आराम फरमाने चले गए और यहां मृतकों के परिजन चक्कर काट रहे थे। इस बात की जानकारी किसी प्रकार विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री प्रवीन खंडेलवाल को हुई तो वह एआरटीओ की करतूत को सुनकर दंग रह गये और बिना देर किए वह एआरटीओ कार्यालय पहुंचे। वंहीं बजरंग दल के कई पदाधिकारी और युवा साथी भी बुला लिए। प्रवीण खंडेलवाल को जिला डींग के थाना कामा के गाँव कनवाडा निवासी दो नाबालिग बच्चे देवेश और सागर अपने ने बताया कि वह अपने पिताजी की अस्थिंया विसर्जन कर गंगाजी से लौट रहे थे। वंही दूसरे जिला भरतपुर के कुम्हेर थाना क्षेत्र के कंचनपुरा निवासी बुजुर्ग फूसिया अपने बेटे खुशीराम के साथ गंगा जी से अर्थियाँ विसर्जन कर लौट रहे थे।

इस दौरान ए आरटीओ साहब ने झूठ बोलकर पुलिस लाइन बुला लिया और उन्होंने करीब 16,770 का चालान काट दिया। वहीं तीसरा व्यक्ति भी किसी मरीज को देखने आगरा जा रहा था तो उसका भी चालान एआरटीओ साहब ने काट दिया। इस दौरान करीब चार चालान काट दिए जाने का मामला तूल पकड़ा गया। जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने लोगों के प्रति दुख जाहिर करते हुए उनको आश्वासन दिया और कहा कि आप निशचिंत रहे आपके साथ अन्याय नही होने दूंगा। काफी देर तक प्रवीण खंडेलवाल की एआरटीओ विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से तीकी नौक-झौंक हुई। मौके पर पुलिस भी पंहुच चुकी थी। वंही प्रवीण खंडेलवाल के द्वारा डीएम से बात करने के बाद तत्काल प्रभाव से हाथरस के सदर एसडीएम भी पहुंच गये। इस दौरान मृतकों के परिजनों से वातालर्प किया गया। तब कहीं करीब 2 घंटे तक चले इस संघर्ष के बाद मृतकों के परिजनों के वाहनों की चाबी देकर उनके सुपुर्द किया गया। तब कहीं जाकर उन मृतकों के परिवारों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। वंही उन लोगो ने बजरंग दल के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि आप हमें भगवान के रूप में मिले हैं। नहीं तो ऐसे अधिकारी हमारे साथ क्या करते।

# कल जल कथा की ऐतिहासिक कलश यात्रा तालबेहट से उठेगा जल जागरुकता का स्वर




वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुंदेलखंड की धरती से जल संरक्षण को लेकर एक नई पहल की शुरूआत होने जा रही है। 5 जून से तालबेहट (ललितपुर) में आयोजित साप्ताहिक जल कथा कार्यक्रम से पूर्व, 4 जून को एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह कलश यात्रा जल संरक्षण के प्रति जनचेतना जगाने और समाज को धर्म-संस्कृति से जोड़ते हुए जल बचाने के संकल्प के साथ निकाली जाएगी। इस ऐतिहासिक अभियान का आयोजन जल सहेली फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पूज्य साध्वी सरिता गिरि जी (नैमिषारण्य) कथा वाचिका के रूप में जनमानस को जल संरक्षण का आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व समझाएंगी। कलश यात्रा, स्थानीय लोगों, महिलाओं, युवा स्वयंसेवकों एवं सामाजिक संगठनों की भागीदारी से निकलने जा रही है, जो ह्यजल बचाओ - जीवन बचाओह्व के संदेश को गाँव-गाँव तक पहुँचाने का माध्यम बनेगी। संस्थापक संजय सिंह ने बताया कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व की आत्मा है। 'जल कथा' का उद्देश्य जल को धर्म और संस्कृति के माध्यम से जनभावना से जोड़ना है ताकि यह अभियान एक स्थायी आंदोलन का रूप ले सके।

# बकरीद पर निर्दोष जानवरों की हत्या रोकने के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे पंडित दिनेश फलाहारी ने मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर मांग की है कि बकरीद वाले दिन निर्दोष जानवरों की कुबार्नी नहीं दी जानी चाहिए, उन्होंने कहा है कि यह भूमि भगवान श्री कृष्ण की महारास लीला स्थली है, यहां पर बड़ी-बड़ी ऋषि मुनियों ने तपस्या की है, जहां पर राधा कृष्ण ने गोपियों के साथ में रासलीलाएं ककी हैं, ऐसे दिव्य, पवित्र स्थान पर यदि निर्दोष जानवरों की हत्या होती है तो वह महा पाप, है बृजवासियों की भावना आहत होंगी, उन्होंने कहा इस भूमि पर भगवान के भक्त ध्रुव महाराज ने बिना भोजन के, बिना हवा के, बिना पानी के कई वर्षों तक तपस्या की और स्वयं दिनेश फलाहारी ने कहा कि उन्होंने भी कई वर्षों से भगवान श्री कृष्ण मंदिर के लिए भोजन त्याग दिया है, तो क्या ये विधर्मी लोग अपने अल्लाह के लिए निर्दोष जानवरों की कुबार्नी नहीं त्याग सकते हैं, अपने अल्लाह के लिए मांस का भोजन नहीं त्याग सकतेहैं, यह सनातनियों की भूमि है, यहां पर यदि खून की नालियां बहेंगी तो संतो की भावना आहत होगी, आपको बता दें कि यह वही दिनेश फलाहारी हैं जिन्होंने भगवान श्री कृष्ण मंदिर के लिए कई वर्ष पहले अन्न त्याग दिया था।

# तीसरे दिन भी जारी रही गुतहरा गांव में अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल, दो की हालत बिगड़ी, स्वास्थ्य कर्मी ने जांच कर प्राथमिक उपचार दिया

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**सादाबाद।** सहपऊ क्षेत्र के गुतहरा गांव में निश्चित कालीन भूख हड़ताल का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। जबकि मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। कहा कि थोड़ा वक्त दीजिए प्रशासन को आपके गांव में जो समस्याएं हैं वह पूरी कराई जाएगी। लेकिन गांव के लोगों की वही एक रट बनी हुई थी कि हमारी आठ मांगे पूरी की जाए। गांव के ग्रामीण अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर 1 जून से अन्न-जल त्याग कर धरने पर बैठे हैं। लगातार प्रशासन को ज्ञापन देने और शिकायत करने के बावजूद जब समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो ग्राम वासियों ने यह निर्णायक कदम उठाया। है भूख हड़ताल के तीसरे दिन दो ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई और वे जमीन पर लेट गए। मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों की जांच कर प्राथमिक उपचार किया। इस बीच, स्थानीय पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी गांव पहुंचे और धरने पर बैठे लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। गांव के लोगों की सिर्फ एक ही आवाज थी कि जब तक आठों मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, वे अन्न-जल ग्रहण नहीं करेंगे। सोमवार को एसडीएम सादाबाद ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की, परंतु लोग अब आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहते हैं। ग्रामवासियों की मुख्य मांगों में कच्ची सड़कों का डामरीकरण, जल निकासी की व्यवस्था, सड़क निर्माण गांव के अंदर आरसीसी, दोनों तरफ नाली, शमशान, नियमित बिजली आपूर्ति, और आवास योजनाओं में धांधली की जांच शामिल है। इस आंदोलन में जिन प्रमुख ग्रामीणों की भूमिका रही, उनमें जितेन्द्र त्यागी, पातीराम मेठ, हरिओम त्यागी, राजबहादुर सिंह, भूप सिंह बघेल, यमुना प्रसाद, प्यारेलाल, अशोक, विजयपाल, सोर्न सिंह और संतोष के अलावा सैकड़ो लोग शामिल हैं तथा भारतीय किसान यूनियन के अलावा कई संगठनों का समर्थन शामिल हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे गांव की सामूहिक आवाज है। भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय सचिव गजेंद्र सिसोदिया वहां ग्रामीणों के धरने में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की अनदेखी ने ग्रामीणों को यह कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। यदि पहले ही लोगों के विकास कार्य किए जाते तो आज इन लोगों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता।शासन-प्रशासन को अब तत्काल संज्ञान लेकर समस्या का समाधान करना चाहिए। उधर, तहसील प्रशासन का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए टेंडर पास कराकर जल्द ही काम किया जाएगा। ग्रामीण प्रशासन का सहयोग दें जिससे विकास कार्य हो सके। जबकि प्रशासन के लोगों द्वारा ग्रामीणों से यही आश्वासन दिया गया कि वह इस निश्चित भूख हड़ताल की धरने प्रदर्शन को खत्म करें।

# जेईई एडवांस्ड एग्जाम में हाथरस के सूर्य प्रताप को मिली एससी रैंक 318, कहा- मेरी सफलता की कुंजी है खुशी

जितेन्द्र कुमार वेलकम इंडिया



**हाथरस।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2025 के रिजल्ट में हाथरस के सूर्य प्रताप सिंह ने सफलता हासिल की है। उन्होंने जेईई एडवांस परीक्षा में आल इंडिया रैंक 12379 तथा एससी रैंक 318 रैंक प्राप्त कर अपने गाँव और माता पिता का नाम रोशन किया है। सूर्य प्रताप सिंह थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गांव नगला अलगर्जी के रहने वाले हैं। उनके पिता जी रघुवीर सिंह भारतीय सेना में तैनात हैं। तथा माता सुनीता देवी एक ग्रहणी है। अपनी सफलता से उत्साहित सूर्य प्रताप ने कहा कि खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था। सूर्य प्रताप ने देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 12379 तथा एससी रैंक 318 हासिल कर हाथरस सिटी के गाँव नगला अलगर्जी का नाम रोशन किया है। इससे पहले जेईई मेंस में उनकी जनरल रैंक 8818 तथा एससी रैंक 207 मिली थी।

# अज्ञात चोरों ने क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों को दिया अंजाम

वेलकम इंडिया,

**टाण्डा जिला रामपुर।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम दिये जाने का मामला सामने आया है। ग्राम मुवाना के पास मुख्य मार्ग पर स्थित एक धर्म कांटा के ऑफिस में चोरी कर अज्ञात चोर एक इन्वर्टर, दो बैटरे, एक एलईडी टीवी सहित 20 हजार रुपये नकद उड़ा ले गए, वहीं ग्राम जमाल गंज में स्थित शिव शक्ति स्टोन क्रेशर से अज्ञात चोर इलेक्ट्रिकल उपकरण चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोरों ने काशीपुर मार्ग पर स्थित मैरिज हॉल में एक बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस चोरों की तलाश तेज कर दी है। टाण्डा दढ़ियाल मुख्य मार्ग पर ग्राम मुवाना के पास प्रधान कम्प्यूटराइज्ड धर्म कांटा है। सोमवार की मध्यरात्रि अज्ञात चोरों ने धर्म कांटे में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। धर्म कांटा स्वामी ने योगेन्द्र सिंह ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सोमवार की रात को भी लगभग 10 बजे अपने धर्म कांटा का ऑफिस बंद कर अपने घर चले गए थे। जब मंगलवार की सुबह उसका नौकर भूरा धर्मकांटा पर पहुंचा तो ऑफिस के ताले टूटे हुए थे। नौकर भूरा ने इसकी सूचना उन्हें फोन पर दी। सूचना पर वह तत्काल मौके पर पहुंचे और सामान की जानकारी की।सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर ऑफिस से एक इन्वर्टर, दो बैटरे, एक एलईडी टीवी सहित 20 हजार रुपये नकद उड़ा ले गए।उन्होंने बताया कि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दूसरी वारदात में चोरों ने ग्राम जमाल गंज में स्थित शिव शक्ति स्टोन क्रेशर में चोरी की। अज्ञात चोरों ने क्रेशर के उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कई उपकरण चोरी कर ले गए। संजय चौधरी पुत्र महेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर ग्राम जमाल गंज के पास स्टोन क्रेशर है। जिसमें सभी आवश्यक उपकरण लगे हुए हैं।क्रेशर स्वामी ने बताया कि वह ठेकेदारी सहित अन्य कार्यों के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता है। उसे काफी दिन पहले पता चला कि स्टोन क्रेशर के कुछ उपकरणों को अज्ञात लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इसके अलावा क्रेशर से 3 बड़ी बैटरी, एक केवल, इलेक्ट्रिकल पार्ट को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं।क्रेशर स्वामी ने पुलिस को बताया कि अब वह अपने ठेकेदारी सहित अन्य कार्यों से फुरसत पाकर अपने स्टोन क्रेशर गया तो चोरी की वारदात की जानकारी हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनाँक 19 फरवरी को अन्नू पुत्र विजेन्द्र निवासी बेलनशाह कोठी थाना कोतवाली नगर द्वारा थाना हाथरस गेट पर सूचना दी गयी कि समय सुबह करीब 3.45 बजे वादी की बहिन नितिन किन्नर अपने साथियो के साथ आरके गेस्ट हाउस पर शादी का नेग के लिये गये थे तभी अभियुक्तगणों द्वारा वादी की बहिन के उपर जान से मारने की नियत से तमंचा से फायर किया। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को गंम्भीरता से लेते हुए अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी हाथरस गेट को निर्देशित किया गया।

# बीएसए कॉलेज मथुरा में नकल पर कड़ी निगरानी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विधि (एलएलबी, बीए एलएलबी) एवं बीएड परीक्षाओं के दौरान बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा में नकल के प्रयासों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बुधवार को कॉलेज में नियुक्त सचल दल (फ्लाइंग स्क्वाड) ने जांच के बाद नौ छात्रों को पर्ची व मोबाइल के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ा। इन सभी के विरुद्ध विश्वविद्यालय के नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बीएसए कॉलेज में मथुरा के एलएलबी, बीए एलएलबी के 20 और बीएड के 32 कॉलेजों का नोडल केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले प्रत्येक छात्र की कड़ी तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। फिर भी एलएलबी के पांच छात्र पर्चियों और मोबाइल से नकल करते पकड़े गए, जिनकी रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को भेज दी गई है। शाम की पाली में प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में डॉ. बी.पी. राय, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. ए.पी. सिंह, यू.के. त्रिपाठी और बी.के. गोस्वामी ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान एएम कॉलेज और पूरन गोपाल शुक्ला कॉलेज के परीक्षार्थियों को नकल करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। संबंधित छात्रों को केंद्राध्यक्ष द्वारा आवश्यक प्रक्रिया के तहत बुक किया गया और विश्वविद्यालय को रिपोर्ट भेज दी गई। प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा ने स्पष्ट किया कि बीएसए कॉलेज नकल के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाए हुए है। फ्लाइंग टीम को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, नकल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाए। कॉलेज प्रशासन ने छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे पूर्ण ईमानदारी और अनुशासन के साथ परीक्षा दें।

# जिलाधिकारी ने विकास खण्ड हापुड़ के ग्राम डहाना में जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार




हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम डहाना के ग्राम प्रधान के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को दी गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से गांव की समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया गया तथा जो समस्याएं लंबित रह गई हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों द्वारा विभिन्न समस्याएं जैसे पानी की उपलब्धता, बिजली की समस्या, शौचालय की साफ सफाई, स्कूलों की जर्जर हालत, शमशान घाट का पुनः नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण, जर्जर सड़कों की मरम्मत, पानी का भराव तथा पानी के निकासी की समस्या आदि के बारे में ग्रामीणों द्वारा जिला अधिकारी को अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा खसरा झखतौनी की नकल निकलवाने हेतु निर्धारित धनराशि से अतिरिक्त धनराशि वसूलने को लेकर लेखपाल की जिलाधिकारी से शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल द्वारा जिन लोगों से नकल सवाल देने के लिए निर्धारित धनराशि से अतिरिक्त धनराशि ली गई उन लोगों के बयान लेते हुए तत्काल उप जिला अधिकारी हापुड़ को निर्देश दिए गए कि संबंधित लेखपाल के विरुद्ध सस्पेंड की कार्रवाई करते हुए प्रकरण की जांच की जाए। दोषी पाए जाने पर संबंधित लेखपाल पर आगामी कार्रवाई हेतु पत्र शासन में प्रेषित किया जाए।

# संघर्ष सेवा समिति एवं सेवा के जवानों ने सैन्य क्षेत्र में संयुक्त रूप से किया पौधरोपण

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति द्वारा पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 30 मई से 5 जून तक प्रत्येक दिन संघर्ष सेवा समिति के सदस्यों द्वारा विविध स्थानों पर पौधरोपण का पुनीत कार्य किया जा रहा है। पौधारोपण के क्रम में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप सरावगी हंसारी स्थित सैन्य क्षेत्र में पौधरोपण करने पहुंचे जहां कैप्टन लोकेश के नेतृत्व में भारतीय सेवा के जवानों एवं संघर्ष सेवा समिति के सदस्यों ने एक साथ 21 पेड़ लगाकर स्वच्छ वातावरण स्थापित करने का संदेश दिया। जानकारी देते हुए डॉक्टर संदीप ने कहा जिस तरह देश के सैनिक देश की आंतरिक और बाहरी रूप से रक्षा करते हैं उसी तरह वृक्ष भी पर्यावरण की रक्षा कर हमें शुद्ध वायु, भोजन आदि प्रदान करते हैं। देश के जवानों की वीरता का प्रदर्शन कुछ समय पूर्व हमें देखने को मिला जिस तरह भारतीय सेना ने अपनी वीरता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान सेना के छक्के छुड़ा दिए। जिस तरह देश के सैनिक देश की रक्षा कर रहे हैं उसी तरह हमें भी अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा में योगदान करना चाहिए। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर मनाया जा रहा है हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें यदि कभी आवश्यकता भी महसूस होती है तो उसे जमीन पर न फेकें। आपके छोटे से कार्य से निश्चित रूप से एक क्रांति लाई जा सकती है। हमारे संगठन द्वारा प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साप्ताहिक या पाक्षिक कार्यक्रम मनाया जाता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी हमारा संगठन विविध स्थान पर सैकड़ों की संख्या में वृक्षारोपण का कार्य कर रहा है।

# डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल (टेक्सटाइल ब्रांच) समर कैंप समापन दिवस

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल, टेक्सटाइल ब्रांच में 1 जून 2025 को ₹समर कैंप समापन समारोह₹ बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्कूल के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ और इसमें समर कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न प्रतिभाओं और गतिविधियों की मनमोहक झलक देखने को मिली। समारोह की भव्य शुरूआत मुख्य अतिथियों के स्वागत से हुई। इस अवसर की शोभा बढ़ाई हमारे विशिष्ट अतिथि श्री मेघराज सर (प्रबंधन प्रमुख), सुश्री प्रेरणा मैम (हेडमिस्ट्रेस, प्रिटी पेंगुइन) तथा सुश्री अंजू मैम (कोऑर्डिनेटर, प्रिटी पेंगुइन) ने। इन सभी महानुभावों की



गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया, जो ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक है। गुलदस्ता भेंट कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया। बाद में प्रस्तुत की गई प्रेजेंटेशन (पीपीटी) ने समर कैंप की यादों को ताजा कर दिया। संगीत विभाग के छात्रों द्वारा प्रस्तुत संगीत कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों, स्केटिंग कौशल, फ्रेंच भाषा से जुड़ी मजेदार प्रस्तुति, तथा ताइक्वांडो का जोशपूर्ण प्रदर्शन ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चित्रकला प्रतियोगिता, रैंप वॉक, और अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। छात्रों की प्रतिभा और शिक्षकों का मार्गदर्शन हर प्रस्तुति में झलक रहा था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के योगदान को सराहा गया। यह समारोह न केवल बच्चों की रचनात्मकता को मंच देने वाला रहा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देने वाला सिद्ध हुआ।

# प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया भाग



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला मे उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तरप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक संगठन मंत्री धर्मपाल व उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश के जिला अध्यक्ष व जो आयाम के जिला संयोजक बनाए हैं उपस्थित रहे।इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष चैन पाल चौधरी,जिला संयोजक देवेंद्र चौधरी डायमंड कार्यकारिणी सदस्य, नरेंद्र गौड़ जिला संयोजक,नितिन जय मावी जिला सहसंयोजक भी उपस्थित रहे। देवेंद्र चौधरी ने बताया कि कार्यशाला में विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के बारे में विस्तार से बताया गया। भाजपा के शासनकाल में सरकारी योजना का पात्र व्यक्तियों को भरपूर लाभ मिला और भारतवर्ष विकास की ओर बढ़ा और आगे भी बढ़ता जाएगा।

# किराना स्टोर पर खाद्य विभाग की छापेमारी, नमूने जांच को भेजे



वेलकम इंडिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को पकड़ी जोगिया रोड स्थित अग्रहरि किराना स्टोर पर छापेमारी की।

जहां से कई सामान के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। छापामारी के दौरान व्यापारियों में अफरा तफरी का माहौल रहा। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ और जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के आदेश पर की गई।

टीम ने दुकान से काजू, साबुदाना, वनस्पति और मोनो सोडियम ग्लूटामेट के नमूने लिए। ये सभी नमूने मानक के अनुरूप न होने के संदेह में लिए गए हैं। दुकान में गंदगी मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानदार को सफाई के निर्देश दिए। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य आर.एल. यादव और नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पी.के. वर्मा, जय प्रकाश, आर.एन. वर्मा और नीरज कुमार चौधरी शामिल रहे।

# आर के जी आई टी में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ आईईईईएसएसी वालंटियर मीट एवं स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ)** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद में आई ई ई ई छात्र शाखा एवं एस ए सी आई ई ई ई उत्तर प्रदेश सेक्शन के संयुक्त तत्वावधान में एस ए सी वालंटियर मीट एवं स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के विभिन्न संस्थानों से आए आई ई ई ई सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने इस प्रेरणादायक सत्र में भाग लिया, जो तकनीकी नेतृत्व, नेटवर्किंग और व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करने वाला रहा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अखिलेश तिवारी (ई ई ई टी, प्रयागराज), डॉ. प्रभाकर तिवारी (एम्‌ एम्‌ यू टी, गोरखपुर), तथा सुश्री प्रियांका (चेयर, आई ई ई ई पी ई एस चैप्टर, एम्‌एम्‌एम्‌यू टी) ने विद्यार्थियों को आई ई ई ई की वैश्विक भूमिका,




तकनीकी समुदाय में भागीदारी, और करियर में इसके प्रभाव पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने आई ई ई ई से जुड़कर नेतृत्व कौशल विकसित करने की प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अमित सिंघल (एच ओ डी - सीएसई) के मार्गदर्शन में किया गया तथा डॉ. आर. के. यादव (डीन झ्र एकेडमिक्स) का विशेष सहयोग रहा। श्री अक्षत गोयल (वाइस चेयरमैन), डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (ग्रुप एडवाइजर), डॉ. डी. के. चौहान (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर), डॉ. बी. सी. शर्मा (डायरेक्टर), एवं श्री एच. जी. गर्ग (डीन झ्र स्टूडेंट वेलफेयर) ने कार्यक्रम की सफलता हेतु समस्त वक्ताओं, प्रतिभागियों व आयोजन टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# आईआईटी जेईई एडवांस में शिक्षा स्कूल ने फिर रचा इतिहास

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** अपनी उच्च गुणवत्ता और शिक्षण पद्धति के लिए प्रख्यात निवाडी स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित आईआईटी एडवांस परीक्षा में एक नया इतिहास रचा है। जिसमें निवाड़ी के दिव्यांश त्यागी ने इस वर्ष 2025 की प्रवेश परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करते सफलता हासिल की है। बता दें कि पहले 2023 में इसी स्कूल के शौर्य त्यागी ने भी इस प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की थी और आज वे देश के सर्वोच्च प्रोद्योगिकी संस्थान आईआईटी दिल्ली में पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल के चेयरमैन नीरज त्यागी ने अपने विद्यालय के छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता



जाहिर करते हुए कहा कि आज स्कूल के छात्रों ने जो यह मुकाम हासिल किया है, वह उनके कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन के कारण ही संभव हुआ है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में भी स्कूल के छात्र इसी तरह कामयाबी हासिल करते हुए मोदीनगर क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

# शरीर को फिट रखने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए साइकिल एक बेहतर साधन है: डॉ एस सी अग्रवाल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत छात्रों को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। सर्वप्रथम सभी छात्रों को व्यायाम के विषय में विस्तार से बताया साथ ही साथ आज 3 जून को विश्व साइकिल दिवस पर छात्रों को साइकिल के महत्व के विषय में भी बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि साइकिल चलाने से शारीरिक सक्रियता बढ़ती है जिससे वजन कम होता है हृदय और स्वास्थ्य बेहतर होता है ओर मांसपेशियां मजबूत होती हैं। सभी छात्रों से ज्यादा से ज्यादा स्कूटी और मोटरसाइकिल की जगह साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने उपस्थित शिक्षकों और छात्रों के साथ साइकिल




चलाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। प्लास्टिक मुक्त अभियान के विषय में भी जागरूक किया गया और यह बताया कि तंबाकू दिवस मनाने का उद्देश्य छात्रों के द्वारा समाज में तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को इसके सेवन से रोकना है। समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशों के क्रम में आज छात्रों को सामाजिक समस्याओं कुरीतियां पर्यावरण एवं स्वच्छता आदि पर लघु नाटक नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया विद्यार्थियों को स्वास्थ्य वर्धक एवं पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई उन्हें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए आदि के विषय में भी विस्तार से बताया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को विद्यालय में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी और समर कैंप प्रभारी राजकुमार सिंह,एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर, राजीव जांगिड़ सतीश कुमार व नितिन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# किसान गोष्ठी आयोजित, किसानों को दी फसलों की विस्तृत जानकारी

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** खण्ड विकास क्षेत्र के गांव डांगरोल के कम्पोजिट विधालय मे विकसित कृषि संकल्प अभिया के अन्तर्गत किसानो को तकनीकी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष संजीव जावला ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा संदीप चौधरी ने श्री अन्न के बारे मे बताया। ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, कंगनी, और चेना प्रोसो मिलेट के उत्पादन की तकनीकी के बारे मे बताया। श्री अन्न मे पाये जाने वाले पोषक तत्वो के वियष पर भी चर्चा की। मिलेट्स कम ग्लुटिन के कारण सीलिएक रोग और ग्लूटेन संवेदनशीलता वाले लोगों के लिए सुरक्षित विकल्प कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स रक्त शर्करा के स्तर




को धीरे-धीरे बढ़ाता है, मधुमेह रोगियों के लिए अनुकूल प्रीबायोटिक गुण आंतों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और श्री अन्न के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर में सूजन को कम करता है और पुरानी बीमारियों से बचाता है। जल संरक्षण के सम्बध मे बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक डा साकिब परवेज ने कृषि यंत्रीकरण योजनाओ, विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्री जैसे सुपर सीडर, सैडर, पैडी प्रबन्धक यंत्र, फसलोत्पादन मे फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व से मृदा उर्वरता मे वृद्धि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) अजय तोमर ने गन्ना मे लगने वाले ब्लाक स्मट रोग, लाल सडन रोग नियंत्रण के लिए बीज शोधन पर चर्चा की।

# ग्राम पंचायत बस्ती बरगदवा के कार्यों की हुई जांच






वेलकम इंडिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी

**भनवापुर/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड भनवापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बस्ती बरगदवा में ग्राम प्रधान द्वारा हुए विकास कार्यों में गोलमाल की शिकायत पर सोमवार शाम को तीन सदस्यीय टीम ने जांच की। इस दौरान विकास कार्यों को परखा। टीम ने बताया कि जांच रिपोर्ट तैयार कर आख्या लोकायुक्त कार्यालय पर भेज दी जाएगी।

ग्राम पंचायत बस्ती बरगदवा निवासी मोहम्मद आरिफ ने लोकायुक्त से 10 बिंदुओं पर ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें सार्वजनिक शौचालय, नाली निर्माण, रिबोर, हैंडपंप मरम्मत, फॉगिंग मशीन, ऊंचीकरण व पौधरोपण समेत 10 बिंदुओं पर शिकायत की गई। इसे संज्ञान में लेते हुए लोकायुक्त ने जिलाधिकारी को तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर जांच कराते हुए संयुक्त हस्ताक्षर करके उक्त जांच आख्या भेजने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सोमवार शाम को टीम ने जांच की और रिपोर्ट लोकायुक्त को भेजने की बात कही है। जांच टीम में डीडीओ आदि शामिल रहे।

# अन्य निजी अस्पतालों ने मरीज को छोड़ा मरणासन्न हालत में, केएम ने दिया पुर्नजीवन दान

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मथुरा सहित अन्य शहरों के कुछ अस्पतालों ने मरनासन्न हालत में छोड़े मरीज नवीन को केएम हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जन एवं विभागध्यक्ष डा. संदीप चौहान ने नया जीवनदान दिया है। मरीज के परिजनों ने केएम अस्पताल के चेयरमैन किशन चौधरी द्वारा जनहित में जारी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया तथा केएम अस्पताल के न्यूरो सर्जरी डाक्टर्स टीम के प्रशंसनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा यहां मरीज को स्वस्थ किया जाता है, पैसों से लूटा नहीं जाता है। यहां स्वास्थ्य सेवाएं अत्याधिक सुविधाओं से परिपूर्ण है, यहां हमारे बेटे को मौत के मुंह से बाहर निकाल कर उसे सुखद जीवन दिया है हम सदा केएम के आभारी रहेंगे। विदित रहे कि 12 दिसम्बर2024 को नवीन(17) पुत्र अशोक निवासी



कोहनी आगरा का सड़क दुर्घटना में दिमाग और सिर में गंभीर चोटें आई थी, जिसके इलाज के लिए परिजनों ने अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया, मथुरा के निजी अस्पताल ने ऑपरेशन के बाद उसे मृत घोषित करते हुए मरणासन्न हालत में दिल्ली, भरतपुर, जयपुर, आगरा के लिए रैफर कर दिया। लाखों रूपए खर्च होने के बाद अशोक को अपने पुत्र नवीन के बचने की उम्मीद नजर नहीं आ रही थी। अशोक अपने पुत्र को लेकर जनवरी में केएम अस्पताल पहुंचा न्यूरो सर्जन डा. संदीप चौहान सभी जांचे कराने के बाद दिमाग और सिर की हड्डी का चुनौतीपूर्ण सर्जरी की, इस दौरान वह पूरे जनवरी-फरवरी माह केएम में भर्ती रहा। उसके बाद तीन महीने बाद 15 मई को यहां पहुंचे नवीन की पुनः सर्जरी करते हुए उसके सिर की हड्डी को स्थापित कर दिया गया। मरीज अब बिल्कुल स्वस्थ है चल फिर रहा, बोल रहा खा-पी रहा है। वह अब अपने माता-पिता की देखरेख में सभी कार्य कर रहा है, अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। सफल सर्जरी में न्यूरो सर्जरी टीम में डा. भूपेन्द्र, डा. नवसंगीत, डा. आकाश नारा, डा. चिंतन सहित एनेस्थीसिया के चिकित्सकों का विशेष सहयोग रहा। न्यूरो सर्जन डा. संदीप चौहान ने बताया नवीन बहुत ही गंभीर हालत में केएम अस्पताल आया था, उसके सिर और दिमाग सहित चेहरे पर भी गहरी चोटें थी, अन्य हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने जान बचाने से इंकार कर दिया था, यहां उसके दो ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया है।

## दबंग ने मारपीट कर युवक की बाइक को किया आग के हवाले

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी एक युवक ने गांव के एक दबंग पर तमंचा दिखाकर मारपीट करते हुए उसकी बाइक में आग लगाने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी शाहरुख ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गत दिवस सोमवार की शाम को वह अपने पुत्र को बाइक पर बिठाकर गांव की ही परचून की दुकान से सामान लेने के लिए गया था जब वह वापस आ रहा था तो बीच रास्ते में पीड़ित को गांव का ही युवक अकमल मिल गया। और पीड़ित से बाइक पर लिफ्ट लेकर अपने खेत तक छोड़ने की गुहार लगाई। पीड़ित आरोपी युवक की बातों में आ गया और बाइक पर बिठाकर उसे खेत तक छोड़ने के लिए ले गया पीड़ित का आरोप है कि आरोपी युवक ने खेत पर ले जाकर दबंगई दिखाते हुए तमंचा दिखाकर उसके साथ जमकर मारपीट की और गाली –गलौज करते हुए उसकी बाइक पर परली डालकर आग के हवाले कर दिया। पीड़ित की बाइक जलकर खाख हो गई पीड़ित ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित युवक ने मंगलवार को थाने पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## घर के बाहर खेल रही बाइक की टक्कर से बालिका घायल

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में घर के बाहर खेल रही एक बालिका को बाइक सवार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। पीड़ित परिजनों ने घायल बालिका को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया और थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी निजामुद्दीन की 9 वर्षीय पुत्री सोनम घर के बाहर खेल रही थी। पीड़ित परिजनों के अनुसार खेलती हुई बच्ची को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी घायल बालिका की चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग जमा हो गए और परिजनों ने घायल अवस्था में निकट के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। बाइक सवार बालिका को टक्कर मार कर अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया।

# विकास कार्यों और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनपद गाजियाबाद में चल रहे विकास कार्यों और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए सोमवार को कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनपद के विकास को और गति देने तथा योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। बैठक के दौरान मंत्री सुनीला शर्मा ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष के साथ मोहन नगर चौराहे के सौंदर्यीकरण और फुट ओवर ब्रिज पर एस्केलेटर के संचालन के विषय में विस्तृत चर्चा की। साथ ही तुलसी निकेतन क्षेत्र के जर्जर मकानों के पुनर्निर्माण और राम मनोहर लोहिया पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष निर्देश भी दिए। उपाध्यक्ष जीडीए को राजनगर एक्सटेंशन में नालों की सफाई और सड़कों के निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का आदेश दिया गया। मंत्री ने नगर आयुक्त से बारिश से पूर्व नालों की सफाई सुनिश्चित कराने को कहा ताकि तुलसी निकेतन, बृजविहार, साहिबाबाद अंडरपास समेत अन्य क्षेत्रों में जलभराव की समस्या न हो। साथ ही इंदिरापुरम मकनपुर क्षेत्र में सीवर और पानी की लाइन डालने के विषय में भी चर्चा हुई। यूपीएसआईडीए को सौर ऊर्जा मार्ग के सौंदर्यीकरण और ब्रिज विहार फ्लाइओवर निर्माण के निर्देश दिए गए। खोड़ा क्षेत्र में स्थित दो सरकारी स्कूलों को ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत शामिल करने और नलकूप लगाने के साथ ही खोड़ा में बने सरकारी अस्पताल का शीघ्र हस्तांतरण कराने के लिए भी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बिना लाइसेंस के मांस की दुकानों पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति को तेजी से आगे बढ़ाना बेहद आवश्यक है ताकि जनपद का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारा लक्ष्य है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने होंगे। इस बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा, जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर पालिका परिषद खोड़ा, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, यूपीएसआईडीए, जल निगम, डूडा, समाज कल्याण और सिचाई विभाग सहित बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। सभी विभागों को मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और विकास कार्यों में तेजी लाने का आव्हान किया गया।


# यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में मरीज की मौत से मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में रविवार को हर्निया के ऑपरेशन के दौरान हुई एक युवक की मौत ने चिकित्सा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक की पहचान उज्जवल चौधरी के रूप में हुई है, जिन्हें रोबोटिक पद्धति से हर्निया के ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के दौरान कथित रूप से आंत कटने के चलते उनकी मृत्यु हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल और डॉक्टरों पर गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि उज्जवल चौधरी पूरी तरह स्वस्थ थे और केवल हर्निया की समस्या के लिए भर्ती हुए थे। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने गलत प्रक्रिया अपनाई जिससे उज्जवल की आंत क्षतिग्रस्त हो गई और उनकी हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों के अनुसार, अस्पताल प्रशासन ने पहले तो स्थिति की गंभीरता को छिपाने की कोशिश की और बाद में मौत की सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही अस्पताल परिसर में आक्रोशित भीड़ जमा हो गई और मृतक के परिजनों ने डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। स्थानीय थाना प्रभारी के अनुसार, परिजनों की शिकायत दर्ज की जा चुकी है और जांच प्रारंभ कर दी गई है। अस्पताल प्रशासन से भी इस पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। पुलिस ने कहा है कि यदि लापरवाही की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नमो भारत ट्रेन से 'छोटा हरिद्वार तक अब सफर आसान, तीव्र और श्रद्धा से परिपूर्ण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश की पहली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन नमो भारत ने दिल्ली-एनसीआर से मेरठ के बीच न केवल यात्रा को तेज और आरामदायक बना दिया है, बल्कि इससे जुड़े कई धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी बेहद सुगम हो गई है। ऐसा ही एक स्थल है मुरादनगर स्थित छोटा हरिद्वार, जो अब भक्तों और यात्रियों के लिए पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गया है। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और मेरठ जैसे क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु अब कुछ ही मिनटों में छोटा हरिद्वार पहुंचकर गंगास्नान, पूजन और आस्था से जुड़े अनुष्ठान कर सकते हैं। मुरादनगर का छोटा हरिद्वार गंगनहर के किनारे बसा एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जिसे गाजियाबाद और आसपास के इलाकों के लोग हरिद्वार का विकल्प मानते हैं। अब जब नमो भारत ट्रेन ने दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 55 किलोमीटर के खंड में रफ्तार पकड़ी है, तो मुरादनगर तक यह यात्रा मात्र 22-23 मिनट में पूरी हो रही है। आनंद विहार से मुरादनगर तक स्टैंडर्ड कोच में किराया मात्र 80 रुपये और प्रीमियम कोच में 95 रुपये है। गाजियाबाद से यह दूरी केवल 12 मिनट की रह गई है, जिसका किराया मात्र 40 रुपये है। मेरठ साउथ से मुरादनगर आने में भी 13-14 मिनट लगते हैं और किराया सिर्फ 60 रुपये है। यानी तीव्रता के साथ-साथ यह यात्रा अब आर्थिक रूप से भी किफायती हो गई है। जल्द ही आने वाला गंगा दशहरा पर्व भी इस मार्ग और स्थल को खास बना रहा है। श्रद्धालु इस दिन पवित्र गंगा में स्नान, दान और पूजन के लिए छोटा हरिद्वार का रुख करते हैं।

## चोरी की बाइक समेत दो वाहन चोर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने सोमवार को घिटोरा मोड़ के पास से चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दिल्ली से चुराई गई एक बाइक और तीन कार के साइलेंसर बरामद हुए हैं। ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस सोमवार सुबह घिटौरा मोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक पर आ रहे दो युवकों को रोका गया। जांच में बाइक के दिल्ली से चोरी होने का पता चला। सामान की तलाशी लेने पर इनके कब्जे से तीन कारों के साइलेंसर और हथोड़ा, प्लास, पेचकस और दो चाबी बरामद हुई। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पूछताछ में इन्होंने अपना नाम मोनिस व इमरान निवासी अशोक विहार लोनी बताया। उन्होंने रेकी करने के बाद एकांत में खड़े वाहनों के साइलेंसर चोरी करना स्वीकार किया। मोनिस के खिलाफ लोनी थाना, दिल्ली व ट्रोनिका सिटी थाने में तीन मुकदमे व इमरान के खिलाफ इंदिरापुरम, साहिबाबाद, दिल्ली व ट्रोनिका सिटी थाने में छह मुकदमे दर्ज हैं।

# राजनगर एक्सटेंशन में पैसे के पुराने विवाद ने ली एक युवक की जान, एक अन्य घायल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सबसे विकसित और पॉश इलाकों में गिने जाने वाले राजनगर एक्सटेंशन में रविवार देर रात अचानक हुई गोलीबारी से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। थाना नंदग्राम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस व्यस्त मार्केट इलाके में दो गुटों के बीच चले गोलीकांड ने शांति भंग कर दी।

घटना में राहुल नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मार्केट क्षेत्र में अचानक कई गोलियों की आवाजें गूंजने लगीं, जिससे वहां मौजूद लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। गोलीबारी के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया और व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर मौके से भाग निकले। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों गुटों के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। रविवार रात विवाद इस कदर बढ़ा कि बात हाथापाई से होते हुए गोलीबारी तक पहुँच गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कई राउंड फायरिंग की, जिससे बाजार में दहशत फैल गई। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटना में शामिल दो मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली है और उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद से राजनगर एक्सटेंशन में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। स्थानीय निवासियों में दहशत है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। निवासियों का कहना है कि उन्होंने इस पॉश इलाके में इस तरह की भयावह घटना पहले कभी नहीं देखी। आमतौर पर शांत रहने वाले इस क्षेत्र में गोलीबारी की यह घटना एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

# घर बैठे कमाई का झांसा, बेरोजगार दंपती से 3.68 लाख की साइबर ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक बेरोजगार दंपती को ऑनलाइन काम का झांसा देना इतना भारी पड़ा कि उन्होंने अपनी जमा-पूंजी तक गंवा दी। आदित्य वर्ल्ड सिटी में रहने वाले इस दंपती को साइबर जालसाजों ने मीशो टास्क पूरा करने के बहाने तीन लाख 68 हजार रुपये की ठगी का शिकार बना डाला। पीड़ितों ने वेव सिटी थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित दंपती कुछ समय पहले तक नोएडा की एक निजी कंपनी में साथ काम कर रहे थे। लेकिन अचानक नौकरी छूटने के बाद वे आय के नए साधनों की तलाश में जुट गए। इसी दौरान उन्हें टेलीग्राम पर एक पार्ट टाइम जॉब का विज्ञापन मिला जिसमें मीशो ऐप के टास्क पूरे कर कमीशन कमाने का दावा किया गया था। शुरूआत में जब उन्होंने 100 रुपये लगाकर टास्क पूरा किया तो बदले में 200 रुपये मिले। फिर 500 रुपये लगाए तो एक हजार रुपये वापस मिले। लगातार पैसे दोगुने मिलने से उनका विश्वास बढ़ता गया। पर जल्द ही यह खेल धोखाधड़ी में बदल गया। जैसे ही उन्होंने बड़ी रकम से टास्क करना शुरू किया।

## 19 चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव

**गाजियाबाद।** जिले के सबसे संवेदनशील और वीआईपी क्षेत्र माने जाने वाले ट्रांस हिंडन जोन में एक बार फिर पुलिस प्रशासन ने बड़ी सर्जरी की है। अपराधों की बढ़ती रफ्तार और पुलिस पर लग रहे गंभीर आरोपों के बीच 19 चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं, साथ ही 200 से अधिक नए पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। इस कदम को प्रशासन की उस मंशा से जोड़ा जा रहा है, जिसके तहत ट्रांस हिंडन को कानून-व्यवस्था के लिहाज से सुदृढ़ और सुरक्षित बनाया जाना है। यह कोई छिपी बात नहीं है कि गाजियाबाद पुलिस महकमे में पोस्टिंग पाने वाले अधिकतर अधिकारी और कर्मचारी ट्रांस हिंडन में तैनाती की चाह रखते हैं। दशकों से यह चलन रहा है कि चाहे नया हो या अनुभवी पुलिसकर्मी, सभी की नजर इस क्षेत्र पर रहती है।

# मुआवजा न मिलने पर पशुओं संग आवास विकास कार्यालय का घेराव

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मंडोला विहार भूमि अधिग्रहण योजना से प्रभावित किसानों का आक्रोश अब चरम पर पहुंच चुका है। रविवार को ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र स्थित आवास विकास कार्यालय परिसर उस समय अजीब स्थिति में आ गया जब दर्जनों किसानों ने विरोध जताते हुए अपने पशुओं को कार्यालय परिसर में ही बांध दिया। यह दृश्य न केवल आंदोलन की गंभीरता को दर्शाता है, बल्कि आवास विकास परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। किसानों का आरोप है कि आवास विकास परिषद ने बगैर किसी स्पष्ट समझौते और बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन अपने नाम दर्ज करवा ली है। किसान नेता नीरज त्यागी ने बताया कि मंडोला समेत छह गांवों के किसान बीते आठ वर्षों से इस अन्याय के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्तमान में यह आंदोलन भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के नेतृत्व में जारी है। किसानों का कहना है कि तीन फरवरी को परिषद मुख्यालय पर हुई बैठक में आवास आयुक्त और किसान प्रतिनिधियों के बीच कई मांगों पर सहमति बनी थी। लेकिन इसके बावजूद परिषद के अधिकारियों ने किसानों की जमीन को अपने नाम दर्ज करा लिया, जिससे किसानों के बीच भारी असंतोष फैल गया। किसानों का गुस्सा इस कदर बढ़ा कि उन्होंने रविवार को अपने पशुओं को लेकर कार्यालय परिसर का रुख किया और वहीं उन्हें बांध दिया। इस विरोध का दृश्य न केवल प्रशासन के लिए एक कड़ा संदेश था, बल्कि यह आंदोलन की गहराई को भी दर्शा रहा था। किसानों की प्रमुख मांगों में मुआवजा राशि में बढ़ोतरी, प्रभावितों को दस प्रतिशत विकसित प्लॉट, पंचायत क्षेत्र में आवासीय प्लॉट, गांव की आबादी को संरक्षित रखने की मांग तथा इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज की स्थापना जैसी मांगें शामिल हैं। इन मांगों को लेकर किसान लगातार परिषद के अधिकारियों से वार्ता की कोशिश कर रहे हैं। किसान नेताओं ने बताया कि अब परिषद के अधिकारियों ने सोमवार को वार्ता का आश्वासन दिया है।

## दिनदहाड़े महिला से बाइक सवार ने छीनी सोने की चेन

**मोदीनगर।** शहर के निवाड़ी रोड स्थित कान्हा एंक्लेव कॉलोनी में रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब दिनदहाड़े एक महिला के साथ लूट की वारदात हो गई। पीड़िता लता चौधरी के गले से बाइक सवार एक युवक ने सोने की चेन छीन ली और विरोध करने पर उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। इस दुस्साहसी वारदात के बाद क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है और लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। घटना उस समय हुई जब लता चौधरी अपने घर के बाहर खड़ी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लुटेरा पहले गली में कई बार चक्कर काटता रहा और फिर एकाएक महिला के पास जाकर उनके गले से चेन झपट ली। महिला ने विरोध किया तो लुटेरे ने उन्हें जोर से धक्का दे दिया जिससे वह गिर पड़ीं और फिर वह बाइक से फरार हो गया।

## गंगा दशहरा पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब, हाईवे पर रूट डायवर्जन लागू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ज्येष्ठ गंगा दशहरा के पावन अवसर पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडे की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। ब्रजघाट जैसे प्रमुख स्नान स्थलों पर चार से पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। इस दौरान नेशनल हाईवे-9 और अन्य प्रमुख मार्गों पर संभावित जाम की स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष रूट डायवर्जन की योजना तैयार की है, जो मंगलवार देर रात से शनिवार दोपहर तक प्रभावी रहेगी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि भारी वाहनों जैसे ट्रक, कंटेनर और निजी बसों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा, जबकि कार, जीप, मिनी ट्रक और आपात सेवाओं के वाहनों को हाईवे पर सुचारु रूप से चलने की अनुमति दी गई है। दूध, दही, फल, सब्जी और एम्बुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को भी रूट डायवर्जन से छूट दी गई है। प्रशासन ने साफ किया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हाईवे पर लगातार निगरानी रखेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ और दिल्ली से आने वाले भारी वाहनों को बुलंदशहर, नरोरा, डिबाई, चंदौसी और बिजनौर जैसे वैकल्पिक रास्तों से मुरादाबाद की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

# दो लाख की रिश्वत लेते जीडीए का सुपरवाइजर रंगे हाथों गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने मुरादनगर में तैनात जीडीए के सुपरवाइजर को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई रविवार को उस समय की गई जब पीड़ित द्वारा पहले से दी गई सूचना पर टीम ने जाल बिछाया। वहीं, कार्रवाई के दौरान संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) मौके से भाग निकला। जानकारी के अनुसार, सुराना गांव निवासी सुरेंद्र यादव रावली मार्ग पर चुंगी नंबर तीन के पास अपना ऑफिस निर्माण करवा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के लिए जीडीए के अधिकारियों ने उनसे जबरन रिश्वत की मांग की। खासतौर पर सुपरवाइजर और जूनियर इंजीनियर की ओर से कहा गया कि नक्शा स्वीकृत नहीं है, इसलिए निर्माण तभी संभव है जब 'काम के बदले सहयोग राशिज्दी जाए। पीड़ित ने इस भ्रष्ट मांग की शिकायत एंटी करप्शन विभाग से की थी। विभाग ने योजना बनाकर मौके पर टीम भेजी। तयशुदा वक्त पर जैसे ही सुपरवाइजर ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। हालांकि, जेई मौके पर मौजूद था लेकिन टीम को आता देख वह फरार हो गया।

# ई-वे बिल में अधूरी जानकारी अब पड़ेगी भारी, वाहन विवरण न भरना माने जाएगा नियम उल्लंघन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राज्य कर विभाग ने ई-वे बिल से जुड़े नियमों को लेकर व्यापारियों को सतर्क करते हुए साफ किया है कि अब माल की आवाजाही के लिए बनाए जा रहे ई-वे बिल में अधूरी जानकारी देना गंभीर परिणाम ला सकता है। खासतौर से बिल के पार्ट-बी सेक्शन में वाहन का विवरण न भरने पर कार्रवाई की जाएगी, जिसे कर चोरी की श्रेणी में माना जाएगा। इस संबंध में राज्य कर मुख्यालय ने एक विशेष पत्र जारी कर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विभाग ने बताया कि अक्सर कर चोर जानबूझकर ई-वे बिल में केवल पार्ट-ए (माल का विवरण) भरते हैं, जबकि पार्ट-बी (वाहन का विवरण) छोड़ देते हैं, जिससे वस्तु की वास्तविक आवाजाही का पता नहीं चल पाता। विभाग के अनुसार, बिना वाहन विवरण के ई-वे बिल की स्थिति में चेकिंग के दौरान विभागीय टीमों को दिक्कत आती है। कई बार ऐसा देखा गया है कि बिना जानकारी के माल अलग-अलग वाहनों से भेजा जाता है, जिससे टैक्स चोरी की आशंका बढ़ जाती है। अब विभाग हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए इसे नियम उल्लंघन मानते हुए कानूनी कार्रवाई करेगा। राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल के निदेशों के बाद यह स्पष्ट किया गया है कि सभी संबंधित अधिकारियों और विभागीय अनुभागों को नई गाइडलाइंस से अवगत करा दिया गया है। इसके तहत कोई भी ई-वे बिल तब तक पूर्ण नहीं माना जाएगा, जब तक उसमें वाहन का सटीक विवरण नहीं भरा गया हो। व्यापारिक समुदाय को इस नियम की जानकारी देने और उन्हें अनावश्यक कानूनी परेशानी से बचाने के लिए विभाग द्वारा जागरूकता कैंप भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में व्यापारियों को बताया जा रहा है कि माल का विवरण देने के साथ वाहन की जानकारी भरना भी जरूरी है। अपर आयुक्त, ग्रेड-1 मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विभागीय मंशा व्यापारियों को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें समय रहते नियमों की जानकारी देकर किसी भी संभावित कार्रवाई से बचाना है। यदि व्यापारी समय पर सही और पूर्ण जानकारी भरते हैं तो उनके लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।